हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 22.9 डिग्री

15 चिकनी मंदिर चौक से गोलबाजार तक...



16 उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में एआई की मदद इसके...



## खबर संक्षेप

### गढ़कलेवा समेत संस्कृति विभाग के सभी टेंडर स्थगित

**रायपुर।** गढ़कलेवा संचालन के टेंडर में अनियमितता की शिकायत के बाद पर्यटन, संस्कृति, पुरातत्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने विभाग के तमाम टेंडर स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। विभागीय सचिव को जारी पत्र में उन्होंने सभी टेंडर की नस्तियों को अवलोकन के लिए पेश करने निर्देश दिया है। गढ़कलेवा के संचालन के लिए जारी टेंडर में अचानक नियम बदलने और पुरानी संस्था को लाभ पहुंचाने का आरोप है। इसे लेकर संस्कृति विभाग में विवाद की स्थिति बनी हुई है। अधिकारी इसे नियम के अनुरूप बता रहे हैं तो स्थानीय व्यवसायी और महिला स्व सहायता समूह टेंडर को मनचाही संस्था को देने की साजिश करार दे रहे हैं। इसे लेकर उपजा विवाद विभागीय मंत्री राजेश अग्रवाल तक पहुंचा तो उन्होंने गढ़कलेवा सहित चालू वित्त वर्ष में विभाग द्वारा जारी निविदाओं की प्रगति एवं जारी कार्यादेश से संबंधित समस्त नस्तियों के अवलोकन पश्चात ही आगे की कार्रवाई करने तक इस पर रोक लगा दी है।

### मानसून की रवानगी के दिन नजदीक

**रायपुर।** व्यापक वर्षा की गतिविधि में कमी के बीच प्रदेश से मानसून रवानगी के दिन नजदीक आने की संभावना बन रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना कि वातावरण में नमी की मात्रा घटने और बारिश की गतिविधि में आने वाली कमी के बाद उत्तर से इसकी विदाई की शुरूआत होने की उम्मीद है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के उत्तरी हिस्से के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होती रही। अगले तीन दिन इसका प्रभाव रहने की संभावना है। राजधानी के ऊपर हल्के बादल छाए रहे मगर बरसात नहीं हुई। बादलों के बीच निकली धूप अपनी तेजी का अहसास कराती रही। राजधानी में दिन को गर्मी का प्रभाव है मगर रात होने के बाद मौसम में ठंडकता आ रही जो सुबह तक अपना प्रभाव दिखा रहा है।

### तीन गाड़ियां 16 मोबाइल बरामद, शातिर गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी सुमीत निषाद निवासी आजाद नगर रावांभाठा से थाना क्षेत्र के अगल-अलग स्थानों से चोरी किए गए तीन दोपहिया वाहन के साथ विभिन्न कंपनी के 16 एंड्रायड मोबाइल जब्त किए हैं। जब्त वाहन एवं मोबाइल की कुल कीमत सवा दो लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी के वाहन की नंबर प्लेट बदलकर उसका इस्तेमाल करता था। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, केस दर्ज

**रायपुर।** मुजगहन पुलिस ने दोपहिया सवार को टक्कर मारकर घायल करने के मामले में एक कार चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। घटना 5 अक्टूबर को अपरान्ह साढ़े 10 बजे केपीएस के पास ग्राम डूंडा की है। प्रार्थी विजय पुरैना निवासी डूमरतराई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि घटना के समय उसका भाई राकेश बाइक से जा रहा था, तभी कार क्रमांक सीजी 19-बीएम/3626 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही से चलाते हुए उसके भाई के वाहन को टक्कर मार दी, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में बीएनएसः 281, 125 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### दो पक्षों में जमकर मारपीट, काउंटर केस दर्ज

**रायपुर।** दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। घटना 5 अक्टूबर को शाम 5 बजे केके रोड मौदहापारा की है। इस इलाके में रहने वाले मो. इरफान और कदीर अहमद के बीच पुरानी किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के बढ़ते दोनों पक्षों ने एक-दूसरे से गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट की।

# कफ सिरप की जांच के बीच बैक्टीरिया संक्रमण रोकने वाली दवाई पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश के दवा बाजार में कफ सिरप की जांच के बाद सरकारी अस्पतालों में ओफ्लॉक्सासिन+ऑर्निडाजोल टेबलेट के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। यह दवा बैक्टीरिया के संक्रमण की रोकथाम के लिए मरीजों को दी जाती है। सीजीएमएससी द्वारा जारी किए गए आदेश में उपयोग पर बैन लगाने की कोई वजह स्पष्ट नहीं की गई है। इसके पहले भी की दवाओं के उपयोग पर मनाही की जा चुकी है। छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत के बाद प्रदेश में बिकने वाले कफ सिरप की जांच जोरों पर है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम प्रदेशभर की दवा दुकानों में जांच कर बिकने वाले विभिन्न कंपनियों के कफ सिरप के सैंपल उठा रही है। इसी बीच छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस एवं कार्पोरेशन द्वारा विभिन्न अस्पतालों को सर्कुलर जारी कर स्टॉक उपलब्ध होने दवा वितरण पर रोक लगाकर उसे वापस दवा गोदाम भेजने का निर्देश जारी किया है। ओफ्लॉक्सासिन 200 एमजी+ऑर्निडाजोल टेबलेट 500 एमजी के बैच नंबर सीटी 24250404 का निर्माण सीएमजी बायोटेक प्रायवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। जारी निर्देश में इस बात का उल्लेख नहीं किया गया है कि बैक्टीरिया मारने की इस दवा के संबंध में किस तरह की शिकायत सामने आई है। दवा निगम इसके पूर्व भी अनेक तरह की दवाओं के उपयोग को प्रतिबंधित कर चुका है। इनमें खून पतला करने के हिपोरिन ▸▸|शेष पेज 16 पर

अलग खबर

## सरकारी अस्पतालों में होती है ओफ्लॉक्सासिन+ऑर्निडाजोल टेबलेट की सप्लाई

### 178 दुकानों की जांच, 68 सैंपल

इधर आदेश जारी होने के बाद सक्रिय खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम राज्यभर के 178 दवा दुकानों की जांच की। इस दौरान उनसे बिकने वाले कफ सिरप के बारे में जानकारी ली। दवा कारोबारियों को निर्देशित किया गया कि बिना डाक्टरी पर्ची के किसी को भी कफ सिरप की बिक्री नहीं की जाए। एफडीए के राज्य सहायक नियंत्रक बीआर साहू ने बताया कि जांच के दौरान अलग-अलग कंपनियों 68 कप सिरप के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दवा दुकानों की जांच आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी।



### बच्चों के लिए किया प्रतिबंधित

स्वास्थ्य विभाग ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सर्कुलर के आधार पर दो साल से कम आयु के बच्चों के लिए खांसी के सिरप के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। इसे लेकर तमाम सीएमएचओ और सिविल सर्जन को निगरानी के लिए निर्देशित भी किया गया है। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों को इस आदेश की जानकारी दे गई है। साथ ही औषधि निरीक्षकों को आदेश दिया गया है कि दवा दुकानों में कफ सिरप की बिक्री की निगरानी की जाए।

### जंगल सफारी में अस्वस्थ बाघिन को ट्रेन की पार्सल वैन से भेजा गया जामनगर

# 'बिजली' ने इलाज के लिए पकड़ी गुजरात की राह, प्लेटफॉर्म पर पिंजरा देखकर यात्री हैरान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

जंगल सफारी की अस्वस्थ बाघिन मंगलवार को उच्चस्तरीय इलाज के लिए ट्रेन की पार्सल वैन से जामनगर गुजरात भेजा गया। जहां वनतारा जामनगर वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू एंड केयर सेंटर में अब इलाज चलेगा। पहली बार रायपुर से इलाज के लिए किसी वन्यजीव को इलाज के लिए ट्रेन के जरिए रवाना किया गया। शाम करीब 4.55 बजे हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस के आने से पहले बाघिन को विशेष वाहन से रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर लाया गया। बाघिन को एक लोहे के मजबूत पिंजरे में पूरी तरह ढंककर लाया गया था। इस दौरान न कोई दहाड़, न कोई हलचल सिर्फ उसकी धीमी सांसों की आवाज सुनाई दे रही थी। प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्री यह देखकर हैरान रह गए कि आखिर क्या चीज इस तरह कवर कर ले जाई जा रही है। वन विभाग की टीम ने सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए थे। पिंजरे में बाघिन के लिए दवाएं और जरूरी उपकरण भी रखे गए थे। ट्रॉली की मदद से पिंजरा पार्सल वैन तक पहुंचाया गया और ट्रेन में सावधानी से रखा गया। अब बाघिन का गुजरात के जामनगर स्थित 'वनतारा वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू एंड केयर सेंटर' में इलाज कराया जाएगा, जहां विशेषज्ञों की निगरानी में उसकी सेहत का ख्याल रखा जाएगा।

हरिभूमि लाइव





### पीएम मोदी के साथ नजर आई थीं 'बिजली' की मां

गुजरात स्थित वनतारा वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू एंड केयर सेंटर में जिस 8 साल की टाइग्रेस 'बिजली' को स्वास्थ्य समस्याओं के चलते भेजा जा रहा है, ये वही बिजली टाइग्रेस है, जिसकी मां किशोरी और पिता शिवाजी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जंगल सफारी के उद्घाटन के समय तस्वीर खिंचवाई थी। बता दें कि शिवाजी को भी पहले ट्रेन से गुजरात से रायपुर लाया गया था।

### ट्रेन से भेजना कठिन कार्य

बाघिन को ट्रेन से भेजना मुश्किल था। वन विभाग से जैसे ही हमें जानकारी मिली, तत्काल हावड़ा में अधिकारियों से चर्चा की। अनुमति मिलते ही स्टेशन पर रखा पूरा पार्सल खाली कराया गया। ट्रेन में साथ चल रहे 8 से अधिक अधिकारियों का टिकट कंफर्म कर सुरक्षा के साथ ट्रेन से बाघिन को भेजा गया है।

**-अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएम



### वन विभाग ने रेलवे से मांगी मदद, रेलवे ने दिखाई तत्परता

वन अधिकारियों के मुताबिक, अस्वस्थ बाघिन की हालत बिगड़ने लगी थी। उसे भोजन करने में परेशानी हो रही थी और समय पर इलाज जरूरी हो गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी से संपर्क किया। मामला मंडल रेल प्रबंधक दयानंद तक पहुंचा, जिन्होंने तत्काल हावड़ा मुख्यालय के अधिकारियों से बातचीत की, फिर हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस में बाघिन को रायपुर से जामनगर भेजने की मंजूरी दी गई। रेलवे ने न केवल अनुमति दी, बल्कि यात्रियों को कोई असुविधा न हो, इस बात का भी ध्यान रखा। सुरक्षा और संरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। रेलवे अधिकारियों की सक्रियता और सहयोग से बाघिन को ट्रेन की पार्सल वैन में सुरक्षित चढ़ाया गया और इलाज के लिए गुजरात रवाना किया गया।

# परिणाम के दो माह बाद नर्सिंग काउंसिलिंग अंततः प्रारंभ 30 तक भरनी होगी सीट



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश के नर्सिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए शेड्यूल अंततः जारी कर दिया गया है। बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया 9 अक्टूबर से प्रारंभ की जा रही है। पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 14 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इसके पश्चात सीट आवंटन सहित अन्य प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। व्यापम ने बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा 29 मई को आयोजित की थी। एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा 5 जून को आयोजित की गई थी। व्यापम ने तीनों ही प्रवेश परीक्षाओं के नतीजे 30 जुलाई को घोषित कर दिए थे। इसके बाद भी चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा काउंसिलिंग शेड्यूल जारी करने में दो माह से अधिक का समय व्यतीत हो गया।

- व्यापम ने जुलाई में ही जारी कर दिए थे नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के नतीजे

### नर्सिंग काउंसिल तय करता है अंतिम तिथि

नर्सिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तारीख प्रदेश स्तर के संस्थानों अथवा विभाग द्वारा तय नहीं किए जाते। नियमतः नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि नर्सिंग काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा घोषित किए जाते हैं। वर्तमान सत्र के लिए जारी अधिसूचना के मुताबिक, देशभर के महाविद्यालय जहां नर्सिंग पाठ्यक्रम का संचालन होता है, वहां 30 अक्टूबर तक दाखिले की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। महाविद्यालयों के समक्ष अब नई चिंता तय तिथि में सीटों को भरने की है।

### 130 महाविद्यालयों में संचालन

प्रदेश के 130 महाविद्यालयों में बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। बीएससी नर्सिंग की प्रदेश में 7,500 सीटें हैं। एमएससी नर्सिंग की 900 तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग की करीब 700 सीटें हैं। इनमें सर्वाधिक मांग बीएससी नर्सिंग की होती है। आईएनसी नियमों के अनुसार, पहले दौर में एडमिशन 50 फीसदी न्यूनतम अंक के आधार पर होगा। इसके बाद कटऑफ में कमी आने के बाद प्रवेश के नियमों में शिथिलता बरती जाएगी। नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन व्यापम द्वारा निर्धारित कैलेंडर के आधार पर तय तिथि में किया गया था। इसके नतीजे दो माह पूर्व ही जारी किए जा चुके थे, लेकिन काउंसिलिंग शेड्यूल जारी नहीं किया गया था। निजी नर्सिंग महाविद्यालयों द्वारा इसे लेकर रोष भी प्रकट भी किया गया था।

# पटाखा बाजार में जगह के लिए 93 कारोबारियों की लगी लॉटरी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- दीपावली के लिए निगम का अस्थायी पटाखा बाजार 10 बाई 10 साइज का भूखंड एलॉट
- जोन-5 कार्यालय में निकाली गई लॉटरी, निगम को होगी 12 लाख की कमाई

राजधानी में दीपावली पर्व पर नगर निगम द्वारा आम जनता की सुविधा के लिए लाखेनगर के हिंद स्पोर्टिंग खेल मैदान में पटाखा बाजार लगाया जाएगा। निगम आयुक्त विश्वदीप ने अस्थायी पटाखा बाजार लगाने 150 दुकानों को स्वीकृति दी थी। इसके परिपालन में जोन-5 कमिश्नरी ने शहर के पंजीकृत पटाखा विक्रेताओं से निर्धारित तिथि तक आवेदन मंगाए। 6 अक्टूबर को ईदगाहभाठा पानी टंकी परिसर स्थित जोन-5 कार्यालय में जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, विद्युत एवं अभियांत्रिकी विभाग की अध्यक्ष सुमन-अशोक पांडे, जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल की उपस्थिति में दुकानों हेतु भूखंड आवंटन की लॉटरी निकाली गई। नगर निगम द्वारा लाखेनगर स्थित हिंद स्पोर्टिंग मैदान में 6 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक दीपावली त्योहार को ध्यान में रखते हुए अस्थायी पटाखा बाजार लगाया जाएगा, जिसमें 93 पटाखा दुकानें रहेंगी। इसके लिए संबंधित कारोबारी को स्थल पर नापजोख के बाद 10 बाई 10 वर्गफीट का भूखंड पटाखा दुकान ▸▸|शेष पेज 16 पर

### निगम को मिलेगा 12 लाख राजस्व

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, दीपावली त्योहार पर अस्थायी पटाखा बाजार 6 से 25 अक्टूबर तक लगाया जाएगा। 93 दुकानदारों से पटाखा बाजार में दुकान के लिए भूखंड उपलब्ध कराने के एवज में नगर निगम के बाजार विभाग 12 लाख का राजस्व प्राप्त होगा। पटाखा बाजार में जनसुविधा के लिए निगम चलित शौचालय की व्यवस्था करेगा। स्थल पर आकस्मिक आगजनी से सुरक्षा के लिए अग्निशमन विभाग की गाड़ी रहेगी। साथ ही निशुल्क पेयजल की व्यवस्था नगर निगम करेगा। अस्थायी मीटर कनेक्शन, सुरक्षागार्ड, रेत की व्यवस्था दुकानदार को खुद के खर्च पर करना होगा।

### ये रहे मौजूद

जोन-5 कार्यालय में पटाखा बाजार के लिए लॉटरी निकालने की प्रक्रिया के दौरान एमआईसी सदस्य सुमन-अशोक पांडे, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, पटाखा एसोसिएशन के हुसैन अशरफी सहित पटाखा विक्रेता, जोन आयुक्त खीरसागर नायक, जोन के सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव सहित निगम मुख्यालय के बाजार विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अब मुक्कड़ पर तीसरी आंख की नजर, गांधी सदन में कमांड सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन शाखा शहर के मुक्कड़ों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगवाएगी। इस कैमरे में हर पल की गतिविधि रिकार्ड होगी, इसी आधार पर यदि किसी ने घरों का कूड़ा-करकट मुक्कड़ में फेंका तो तीसरी आंख इस पर नजर रखेंगी। रिकार्डिंग के आधार पर नगर निगम सीधे संबंधित व्यक्ति के पास ई-चालान भेजेगा। पंद्रहवें वित्त आयोग मद से इस कार्य के लिए नगर निगम को 70 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इसमें ▸▸|शेष पेज 16 पर



### प्रस्ताव बना रहे

गारबेज फ्री सिटी के कांसेप्ट पर शहर में चिन्हांकित मुक्कड़ स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, इसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन के पास भेजा जाएगा। पंद्रहवें वित्त आयोग मद में इसके लिए 70 लाख रुपए की राशि मिली है। मुख्यालय में कमांड सेंटर बनेगा।

**-योगेश कडू,** सहायक नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन

# महिला आयोग की सुनवाई में नहीं पहुंचीं सदस्य, बहिष्कार

*अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप, आज राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मिलकर हस्तक्षेप की करेंगे मांग*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने मंगलवार को प्रकरणों की सुनवाई की, लेकिन सदस्य मौजूद नहीं थीं। उन्होंने सुनवाई का बायकाट कर दिया। सदस्यों में लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया और दीपिका सोरी ने आरोप लगाया कि किरणमयी नायक मनमाने रूप से आयोग चला रही हैं। ज्यादातर प्रकरणों में बिना उनकी सहमति के निर्णय लिए जा रहे हैं। साथ ही अध्यक्ष ने कार्यालय में नियमों का पालन नहीं करते हुए आधा दर्जन अनाधिकृत लोगों को बिठाकर रखा है, जिनके द्वारा कार्यालय की गतिविधियों में लगातार हस्तक्षेप किया जा रहा है। सदस्यों ने कहा कि इस मामले को लेकर बुधवार को वे प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर ▸▸|शेष पेज 16 पर



### हस्तक्षेप की मांग पर स्थिति नहीं सुधरी तो कोर्ट जाएंगे

आयोग की तीनों सदस्यों ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि इस पूरे मामले की जानकारी विधि विभाग, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को दी जाएगी। इसके बाद भी अगर स्थिति सुधरी नहीं तो वे कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

### सुनवाई में शामिल होकर अनाधिकृत लोग करते है प्रकरणों में हस्तक्षेप

आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कार्यालय में अपने लिए एक अलग व्यवस्था बना रखी है। इसके तहत कार्यालय में अनाधिकृत रूप से 5 से 6 लोगों को बिठाकर रखा है। इनमें एक वकील, दो काउंसलर सहित अन्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी लोग कार्यालय में सुनवाई के दौरान भी बैठे रहते हैं। कार्यालय में आने वाले आवेदक, अनावेदक पक्ष के लोगों से ये अनाधिकृत लोग ही संपर्क करते हैं, कई प्रकरणों में सुनवाई की तारीख भी ये लोग ही तय कर इसकी जानकारी अध्यक्ष को देते हैं। सदस्यों ने बताया कि पूर्व में कई बार सुनवाई के दौरान अनाधिकृत लोगों की ▸▸|शेष पेज 16 पर

# अनवर ढेबर को 4 दिन की अंतरिम जमानत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**मां की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें देखने लगाई जमानत अर्जी**

छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में जेल में बंद शराब कारोबारी अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट से चार दिन की अंतरिम जमानत मिली है। ढेबर को यह जमानत उसकी मां के स्वास्थ्य खराब होने की परिस्थिति को देखते हुए दी गई है। सूत्रों के अनुसार अनवर ढेबर ने अपने वकील के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगवाई थी कि उसकी मां की तबीयत बहुत ज्यादा खराब है, जिसे अस्पताल में दाखिल किया गया है। वह उन्हें देखने के लिए जाना चाहता है। इस अर्जी पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि ऐसे समय में हर व्यक्ति को अपने करीबियों के साथ ▸▸|शेष पेज 16 पर

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### प्रकाश पर्व पर आज से दो दिनों तक सजेगा विशेष दीवान

**रायपुर।** गुरु रामदासजी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर बाबा दीप सिंह सेवा दल और गुरुद्वारा स्टेशन रोड द्वारा दो दिवसीय 8 से 9 अक्टूबर तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। गुरुद्वारा स्टेशन रोड प्रबंधक कमेटी के सचिव तेजिंदर सिंह होरा ने बताया कि इस प्रकाश पर्व के अवसर पर बुधवार और गुरुवार को सुबह 10 बजे और शाम 7 से रात 11 बजे तक विशेष दीवान सजेगा। इसी तरह दूसरे दिन सुबह 7 से 8 बजे तक कीर्तन कुलदीप सिंह, 8 से 8.45 बजे तक कीर्तन मक्खन सिंह, सुबह 8.45 से 9.45 बजे तक कीर्तन बीबी जसप्रीत कौर, सुबह 9.45 से 10 बजे तक कीर्तन बीबी रमनीत कौर, सुबह 10 से 11 बजे तक कीर्तन सरबजीत सिंह द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह जसप्रीत कौर अपनी सुरीली व मीठी बाणी से शब्द गायन संगत भी अपने साथ शब्द पढ़ने लगीं, जिससे पूरा दरबार हाल मंत्रमुग्ध हो गया। इस अवसर पर कुलदीप सिंग मक्कड़, इंदरजीत सिंग छाबड़ा, मंजीत सिंह सलूजा, अमन सिंह मक्कड़, रश्मीत सिंह, लक्की मक्कड़, रविंदर सिंह दत्ता, महेंदर सिंह सलूजा सहित सैकड़ों संगत उपस्थित थे।

खेती किसानी : केंद्र ने दर बढ़ाई पर राज्य में नहीं हुआ बदलाव

# धान का समर्थन मूल्य 7 साल से 3100 पर स्थिर दोगुनी लागत से किसानों का मुनाफा हुआ आधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग






प्रदेश के किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 प्रति क्विंटल के रूप में मिलना वर्ष 2018 में शुरू हुआ था। विडंबना यह है कि सात वर्ष बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा यह दर आज भी ज्यों की त्यों कायम है। किसानों के अनुसार, इस दौरान केंद्र सरकार ने हर वर्ष समर्थन मूल्य में वृद्धि की है, लेकिन राज्य स्तर पर कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है, जिससे किसानों में असंतोष है। किसानों का कहना है कि बीते सात वर्षों में खेती की लागत लगभग दोगुनी हो चुकी है। बीज, खाद, कीटनाशक और मजदूरी का खर्च लगातार बढ़ा है, लेकिन किसानों की आमदनी वहीं ठहरी हुई है जहाँ सात साल पहले थी। एक किसान ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि जब खर्च बढ़ता जा रहा है और दाम वही हैं, तो खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। किसानों का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की आमदनी डबल करने का संकल्प लिया था, लेकिन आज हालात उलटे हैं। आमदनी दोगुनी होना तो दूर, किसानों का मुनाफा आधा हो गया है। क्षेत्र के अनेक किसानों का कहना है कि यदि समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी नहीं की गई तो आत्मनिर्भर किसान बनने का सपना अधूरा ही रह जाएगा। किसानों की मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल पाने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

### समर्थन मूल्य में वृद्धि की जरुरत

कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि प्रदेश में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए धान के समर्थन मूल्य में यथार्थ वृद्धि की सख्त आवश्यकता है, ताकि किसानों को वास्तविक लाभ मिल सके। कुल मिलाकर, सात वर्षों बाद भी 3100 प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य किसानों के आत्मनिर्भरता अभियान पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है। अब सवाल यह है कि किसानों की मेहनत का असली मूल्य उन्हें आखिर कब मिलेगा?

# गुखेरा, कलई, भोथली स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मंगलवार को शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुखेरा प्राथमिक शाला कलई, पूर्व माध्यमिक भोथली एवम हाई स्कूल रसनी में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण की टीम ने अंकेक्षण किया किसके अंतर्गत 20 बिंदु शामिल किए गए जिसमें बच्चों का लर्निंग आउटकम, कक्षा अनुसार दक्षता, बच्चों का पठन-पाठन, मध्यान भोजन का मीनू के अनुसार क्रियान्वयन, मुस्कान पुस्तकालय की क्रियाशीलता, बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत गतिविधि, इको क्लब, बच्चों के परीक्षा परिणाम,पेयजल उपलब्धता, स्वच्छता आदि को जांचा एवं परखा गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि गण, एसएमसी अध्यक्ष कोमल साहू, रेखराज देवांगन, भोथली एसएमसी अध्यक्ष कृष्णा खूंटे, पंच नारायण सोनवानी, ज्ञान चंद साहू उपसरपंच सीता राम साहू, सनत साहू, जितेंद्र साहू, दिवाली साहू, शिक्षाविद रामेश्वर लोधी एवं पालकों सहित संकुल प्रभारी लायक सिंह डहरिया, संकुल समन्वयक हरीश दीवान, अंकेक्षण लीडर प्रधान पाठक गण नर्सिंग दास मानिकपुरी, तारामति बंजारे, दिगम्बर बरीहा, विष्णु प्रसाद ध्रुव, सुंदर लाल साहू, तारकेवर डडसेना, पुणेश्वर साहू, भूषण जलक्षत्रि, सीएल एनेस्वरी, सौरभ साहू, संस्था प्रमुख गण अरविंद वैष्णव, केके साहू, लक्षण लहरी, शिक्षक गण फातिमा जांगड़े, रामनारायण कन्नौजे, घनश्याम साहू, नोहर लाल यादव, विमला चौहान नीलू देवांगन आदि की सहभागिता रही। शासन के निर्देशानुसार ऑनलाइन अपडेशन भी किया गया। साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला कलई, पूर्वमाध्यमिक शाला भोथली संकुल खमतराई का भी सामाजिक अंकेक्षण किया गया।

# हैदराबाद की कंपनी के विरूद्ध किसानों ने उच्चाधिकारियों से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- एग्रीमेंट की तय राशि नहीं दे रही, कार्रवाई की मांग

हाईब्रिड धान बीज का उत्पादन करने बकायदा एग्रीमेंट करने और उत्पादित बीज को लेने के बाद भी हैदराबाद की कंपनी कावेरी सीड्स द्वारा किसानों को एग्रीमेंट में तय की गई राशि नहीं दी जा रही है। विकासखंड क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने इसकी कृषि विभाग के सहायक संचालक से शिकायत करते हुए कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही रकम दिलाई जाने की भी मांग दोहराई है। किसानों ने बताया कि विकासखण्ड आंरग के विभिन्न ग्रामों में कावेरी कम्पनी हैदराबाद के हाईब्रिड धान बीज उत्पादन करने के लिये प्रतिनिधि राजकुमार रेड्डी द्वारा व्यक्तिगत सम्पर्क किया। प्रतिनिधि राजकुमार रेड्डी ने कम्पनी एवं कृषकों के बीच एग्रीमेण्ट किया। एग्रीमेण्ट में किसानों को प्रति एकड़ 23 से 25 हजार रुपए देने की बात कही गई। परन्तु, धान कटाई के उपरान्त कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा समस्त कृषकों के खेतों से उत्पादित धान उठाकर ले जाया गया। किसी भी कृषकों को निर्धारित राशि प्रदाय नहीं की गई। इस संबंध में कृषकों द्वारा कम्पनी प्रतिनिधी को फोन करने पर किसी प्रकार का जवाब नहीं दिया गया। किसानों द्वारा आरंग थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। किसानों ने कहा है कि कम्पनी को प्रदेश में धान बीज विक्रय करने के लिये आपके कार्यालय से लाईसेंस प्रदाय किया जाता है। मांग है कि उक्त कम्पनी के विरूद्ध यथोचित कार्रवाई कर कृषकों को उनके हक की राशि दिलाई जाए।

### ये हैं प्रभावित किसान

आरंग क्षेत्र के आसपास के प्रभावित किसान शिव चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर ताराशंकर महेश्वरी, सहदेव निषाद, यशवंत चंद्राकर, राजू भतपहरी, अनुपम चंद्राकर, चंद्र प्रकाश चंद्राकर, पवन चंद्राकर, टिकाराम चंद्राकार,नील मणि चंद्राकर, सूर्य प्रकाश चंद्राकर, विनोद चंद्राकर, लोकेश चंद्राकर, राजेंद्र विनायक, परमेश्वर निषाद, विपिन चंद्राकर, चमन अवाड़े आदि ने शिकायत की है।

# साहू संघ तिल्दा नेवरा परिक्षेत्र शहर के अध्यक्ष बने अधिवक्ता मनोहर



**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार तहसील साहू संघ तिल्दा के अंतर्गत परिक्षेत्र साहू संघ तिल्दा नेवरा का निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद पर मनोहर साहू, उपाध्यक्ष अशोक साहू मूर्तिकार ,महिला उपाध्यक्ष बिनेश्वरी साहू, संगठन सचिव मनोज साहू, संगठन सचिव मीरा साहू निर्वाचित हुए। इस अवसर पर झब्बू लाल साहू रायखेड़ा परिक्षेत्र अध्यक्ष, दागेश साहू सरायडीह परिक्षेत्र अध्यक्ष, संतोष साहू लखना परिक्षेत्र, पवन साहू किरना परिक्षेत्र, मनीराम साहू पूर्व तहसील सचिव, गिरेन्द्र साहू उपाध्याय तहसील साहू संघ, मोहन साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, किशोर साहू छात्रावास प्रभारी, पूर्व संरक्षक भरत साहू, पूर्व सचिव बाजार लाल साहू, पूर्व सचिव डोमर साहू, पूर्व सह सचिव शेखर साहू एवं प्रमुख अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य गण सहित ग्रामीण महिला सहित पदाधिकारी गण उपस्थित थे। उक्त निर्वाचन में 99 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोहर साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सतनाम संस्कृति की रीति नीति व नियम से समाज को जोड़ना बड़ा कार्यः गुरु खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

- सतनाम संदेश यात्रा स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम



सतनाम संदेश यात्रा के स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम मे कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के आगमन पर बस स्टैण्ड अभनपुर मे भाजपा कार्यकर्ताओं व विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। नायकबांधा में आयोजित कार्यक्रम में अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधियों व सतनाम संघ के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार में सड़क,नाली,भवन के साथ ही समाज का विकास भी सायं- सायं हो रहा है। सतनामी समाज का विकास हर क्षेत्र में हो। इसी सोच के साथ समाज के बच्चों का शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए निशुल्क कोचिंग व प्रशिक्षण की व्यवस्था लागू की गई है। यहां तक की पायलेट बनने के लिए जिसमें 15 लाख रुपए खर्चा आता है, वह भी प्रतिवर्ष 5 बच्चों को निशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। गिरौदपुरी धाम में समिति अध्यक्ष राजा गुरु बालदास की मांग पर कई करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली है। इसी तरह बाबा की तपोभूमि भंडारपुरीधाम में 50 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की हुई है। बहुत जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। आने वाले समय में श्रद्धालुओं को दर्शन में होने वाले परेशानियां खत्म हो जाएंगी। विकास का नया स्वरूप देखने को मिलेगा। जब भी समाज में किसी प्रकार की बात आएगी गुरु खुशवंत को खड़ा पाओगे।

सतनाम संदेश यात्रा के माध्यम से गांव गांव मे दौरा कर सतनाम की जागृति व सतनाम संस्कृति के बारे में लोगों को जागरूक कर रीति नीति व नियम से समाज को जोड़ने का यह बहुत बड़ा कार्य है। अभनपुर सतनाम संदेश यात्रा की टीम अपना कीमती समय निकालकर पूरे 1 महीने तक गांव गांव पहुंचती है। यह छग सतनाम समाज के लिए अनुकरणीय होगा।

### एक साल में ही विकास में आई तेजीः इंद्र

इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि सतनामी समाज के आस्था का प्रतीक गिरौदपुरी व भंडारपुरी मे आजादी के बाद जितना विकास नहीं हुआ था, वह गुरु खुशवंत के प्रयास से मात्र एक वर्ष में ही 50 करोड़ से अधिक का निर्माण कार्य स्वीकृत होकर शुरू हो गया है। गुरु खुशवंत साहेब ,गुरु बालदास साहेब के आशीर्वाद से एक छोटे से गांव के सामान्य व्यक्ति को विधायक बनने का सौभाग्य हुआ है। अभनपुर के विकास में गुरू खुशंवत साहेब का आगे भी आशीर्वाद रहेगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप मे राजिम विधायक रोहित साहू,जनपद अध्यक्ष चन्द्रिका बंजारे,नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,सतनाम संदेश यात्रा अध्यक्ष जितेन्द्र बंजारे,सतनामी समाज अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन एवं सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मुकेश ढीढी,बसंत कोसरे,पार्षद नीलकमल गिलहरे,आसरण गिलहरे,लौटन गिलहरे,गोयल भट्ट आदि उपस्थित रहे।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग.**

दिलीप कुमार उम्र 32 वर्ष पिता श्री होरीलाल जाति- तेली, निवासी ग्राम सिंगारभाठा, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. आ.न. 610122095183 .....शपथकर्ता

**शपथपत्र**

मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक कथन करता/करती हूं कि -

1. यह कि मेरा नाम व पता आदि उपर लिखे अनुसार है :-
2. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उनका नाम- अव्यान साहू दर्ज है।
3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका नाम- अवयुक्त साहू दर्ज है।
4. यह कि अव्यान साहू एवं अवयुक्त साहू ये उक्त नाम मेरे पुत्र के है, तथा ये नाम एक ही बच्चा का है।
5. यह कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में सुधार कराना चाहता हूं जिसमें नाम सुधरवाने के लिये छत्तीसगढ़ राजपत्र प्राधिकार से प्रकाशित (विज्ञापन) की प्रति की आवश्यकता है, जिसके कथन समर्थन में यह शपथ पत्र पेश है ।
6. यह कि शासन की जो भी नियम व शर्तो होगा उसे मै मानने के लिये तैयार हूं ।
7. यह कि मेरे द्वारा दी गयी जानकारी सत्य एवं सही है असत्यता पाये जाने पर समस्त जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मै शपथकर्ता शपथपूर्वक कथन करता/करती हूं कि कंडिका 01 से 07 तक की लिखी गयी समस्त बातें मेरे स्वयं के जानकारी मे लिखी गयी है आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की दिनांक- 29/08/2025

शपथकर्ता

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने, भूमिस्वामि एवं विक्रेता श्रीमती साधना पिंचा, पति श्री किरोड़ीगल पिंचा, निवासी देवेन्द्र नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य हक की भूमि जिसका खसरा नंबर 7/25 (सात बटा पच्चीस) रकबा 0.0140 हेक्टेयर, याने कि 1500 वर्गफुट है, जिसमें तीन मंजिला पक्का मकान बना हुआ है, जिसका भूखण्ड/भवन क्रमांक डी-144/5, जो कि वाके मौजा पंडरी तराई प.ह.न. 109, रा.नि.मं. रायपुर-1 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में रायपुर विकास प्राधिकरण की देवन्द्र नगर योजना क्रमांक 032 के अंतर्गत (महात्मा गांधी वार्ड) वार्ड क्रमांक 25, में स्थित है, को खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है केवल विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) किया जाना शेष है।

उपरोक्त विक्रय संव्यवहार या विक्रय इकरार के संबंध में किसी व्यक्ति, आम जनता, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था, साहूकार, बैंक, किसी वित्तीय संस्था, निगम या ग्राम पंचायत आदि को उपरोक्त उल्लेखित भूमि के सबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर सुसंगतमय दस्तावेज लिखित में नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं रहेगा और आपत्ति विधि विरूद्ध एवं शून्य माना जावेगा और मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

आर. के. पटेल, अधिवक्ता
पता - महंत कालेज के बाजू, गांधी मैदान, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं.- 99261 28407

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :-

**Public Notice**

It is for general information that I, ADITYA KUMAR S/o ASHOK KUMAR, R/o- G- type Block No- 7/G- 35, 3rd Battalion, Amleshwar, Amleser, Durg, Chattisgarh- 491111, declare that name of mine and my father and my mother has been wrongly written as ADITYA KUMAR KAHAR and ASHOK KU KAHAR and SAROJ KAHAR in my 10th Class Educational documents. The actual name of mine and my father and my mother are ADITYA KUMAR and ASHOK KUMAR and SAROJ respectively, which may be amended accordingly.

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र. ....... अ/2 वर्ष 2024-25**

**// ईश्तहार //**

आवेदक श्री विनोद कुमार देवांगन पिता श्री जयराम देवांगन निवासी डबरी पारा पेण्ड्रावन बलौदाबाजार तहसील व जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) द्वारा ग्राम जुलुम प.ह.नं. 02 तहसील अभनपुर में स्थित स्वयं की भूमि ख.नं. 1237/15 रकबा 0.010 हे. 1200 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के अंतर्गत के तहत सूचनार्थ आवेदन पत्र एवं भू.रा.संहिता की धारा 59(2) के तहत आवासीय प्रयोजन पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया ।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 16/10/2025 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अभनपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्र.........अ/2 वर्ष 2024-25**

आवेदिका कौशल्या कहार पिता स्व. श्री जवाहर लाल कहार निवासी स्कूलपारा बेमचा महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम जुलुम प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर में स्थित स्वयं की भूमि ख.नं. 1359/1 का भाग रकबा 0.01 हे. (1000 वर्गफुट) भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के अंतर्गत के तहत सूचनार्थ आवेदन पत्र एवं भू.रा. संहिता की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 17/10/2025 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अभनपुर

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रीमती सोनी सिंह पति श्री जोगेन्द्र सिंह निवासी - आनंदम वर्ड सिटी, कचना, रायपुर, तहसील - रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) के हक, हित, स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति भूखण्ड क्रमांक - Y- 149 रकबा - 2325 वर्गफुट वाके मौजा / ग्राम - कचना, प.ह.न.-43, रा.नि.म. - रायपुर - 1, तहसील- रायपुर. जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, जिससे सम्बंधित विक्रय विलेख दिनांक- 28/07/2017 की मुल प्रति मेरे पक्षकार के निवास स्थान से पास के चौक के मध्य दिनांक- 01/10/2025 को गुम हो गया है।

अतः उक्त विक्रय विलेख की मुल प्रति किसी व्यक्ति को मिले तो वह मेरे निम्नलिखित मोबाईल नम्बर / पता पर सम्पर्क करें । विक्रय विलेख की मुल प्रति देने वाले को उचित इनाम मेरे पक्षकार की ओर से दिया जावेगा। किन्तु यदि उक्त विक्रय विलेख की मुल प्रति का किसी भी व्यक्ति / संस्था के द्वारा कोई दुरूपयोग किया जाता है ऐसे व्यक्ति, संस्था, निकाय या अन्य किसी के द्वारा किया गया ऐसा कृत्य मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा एवं शुन्य होगा । तथा ऐसे व्यक्ति / संस्था के विरूद्ध मेरे पक्षकार के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

सो सूचना जाने
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक-06/10/2025

भवदीय
अरविन्द कुमार सिंह (अधिवक्ता)
पताः- एम.आई. जी - एस / 143 फेस-2, कबीर नगर, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.)
मोबाईल न. - 79744-98275

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित



**तिल्दा नेवरा।** मंगलवार को नेवरा के शासकीय बीएनबी स्कूल एवं शासकीय स्कूल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शासाहोली में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया, दोनों ही विद्यालय में दूसरे स्कूल के प्राचार्य सहित जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित हुए। बीएबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल में शाला विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, पार्षद रानी सौरभ जैन, भाजपा शहर महामंत्री सौरभ जैन, प्राचार्य राजेश चंदानी आदि सहित स्कूल स्टॉफ उपस्थित हुए। सामाजिक सामाजिक अंकेक्षण टीम द्वारा इस विद्यालय को औसत से बेहतर पता गया। इसी तरह शासहोली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अतिथि के रूप में पार्षद एवं अध्यक्ष शाला विकास समिति रानी सौरभ जैन, पार्षद ईश्वर यदु, विनोद नेताम, संतोष यदु, सौरभ जैन, अमरजीत पासवान आदि उपस्थित हुए। सामाजिक अंकेक्षण टीम द्वारा छात्र छात्राओं को अलग -अलग विषयों पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सवाल किए गए, एवं चर्चाएं की गई। इस अवसर पर विधायक के समस्त स्टॉफ अवस्थित थे।



### अटल विहार में मनाया शरद पूर्णिमा

**आरंग।** अटल विहार कालोनी में सार्वजनिक नव दुर्गा महिला उत्सव समिति के विशेष योगदान में कालोनी निवासी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सोमवार को देवी लक्ष्मी और चंद्र देव की पुजा कर सुख समृद्धि के जागरण करते हुए शरद पूर्णिमा मनाया। 12 बजे अर्धरात्रि में दुर्गा समिति के अध्यक्ष तृप्ति शर्मा द्वारा खीर प्रसादी की वितरण किया गया। इस अवसर पर कालोनी के अध्यक्ष संजय चन्द्राकर एवं समस्त उपस्थित कालोनी निवासी कालोनी में सुख समृद्धि की कामना के लिए मां लक्ष्मी एवं चंद्र देव से प्रार्थना किया।

# मनुष्य कर्म के अनुसार भोगता है सुख-दुख : पंडित लिखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी





समीपस्थ ग्राम बुन्देलीडीह (सरोरा) में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन, पं. लिखेश्वर महाराज (तरपोंगी वाले) ने अपने प्रवचन में कर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने कर्म के अनुसार ही सुख और दुख का भोग भोगता है। यह संसार एक कर्म भूमि है, और यहां आने के बाद सभी मनुष्यों को कर्म करना ही पड़ता है, जिसके अनुरूप उन्हें फल मिलता है। पंडित जी ने इस दौरान सुदामा चरित्र के जीवन का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सुदामा जी अपनी पत्नी सुशीला के कहने पर अपने बचपन के मित्र द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुँचे। सुदामा की दयनीय दशा को देखकर द्वारपालों ने उन्हें प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया। जैसे ही भगवान कृष्ण को मित्र सुदामा के आने की सूचना मिली, वे नंगे पैर दौड़े चले आए। कृष्ण ने सुदामा को राज सिंहासन पर बिठाया और उनके पैरों पर लगे घावों को देखकर रो पड़े। भगवान कृष्ण ने अपने आँसुओं की धार से मित्र सुदामा के पैरों को धो दिया। पंडित ने आगे कहा कि जो मित्र मुसीबत के समय काम आए, वही सच्चा मित्र है। भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता अनोखी है, जिसका उदाहरण संसार में दिया जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण ने मात्र दो मुट्ठी चावल खाने के बदले सुदामा जी को दो लोक का मालिक बना दिया। कथा श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे, जिन्होंने सुदामा चरित्र सुनकर भक्तिभाव में डूब गए।

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## धान बेचने एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसान 31 अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीयन

**रायपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन आवश्यक है। खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने जानकारी दी कि एग्रीस्टैक पोर्टल भारत सरकार द्वारा विकसित एक यूनिफाइड एग्रीकल्चर डेटाबेस है, जिसमें किसानों की भूमि एवं आधार लिंक्ड पंजीयन किया जाता है। पंजीकरण उपरांत किसानों को एक यूनिक फार्मर आईडी प्राप्त होती है। यह आधार लिंक्ड डेटाबेस शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ केवल वास्तविक पात्र किसानों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तहत किसानों को सीधे भुगतान किया जाता है। अतः शासन की मंशा है कि सभी पात्र किसान सुशासन एवं पारदर्शिता के साथ इस योजना का वास्तविक लाभ प्राप्त करें।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग.**

दिलीप कुमार उम्र 32 वर्ष पिता श्री होरीलाल जाति- तेली, निवासी ग्राम सिंगारभाठा, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. आ.न. 610122095183 .....शपथकर्ता

**शपथपत्र**

मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक कथन करता/करती हूं कि -

1. यह कि मेरा नाम व पता आदि उपर लिखे अनुसार है :-
2. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उनका नाम- अव्यान साहू दर्ज है।
3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका नाम- अवयुक्त साहू दर्ज है।
4. यह कि अव्यान साहू एवं अवयुक्त साहू ये उक्त नाम मेरे पुत्र के है, तथा ये नाम एक ही बच्चा का है।
5. यह कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में सुधार कराना चाहता हूं जिसमें नाम सुधरवाने के लिये छत्तीसगढ़ राजपत्र प्राधिकार से प्रकाशित (विज्ञापन) की प्रति की आवश्यकता है, जिसके कथन समर्थन में यह शपथ पत्र पेश है ।
6. यह कि शासन की जो भी नियम व शर्तो होगा उसे मै मानने के लिये तैयार हूं ।
7. यह कि मेरे द्वारा दी गयी जानकारी सत्य एवं सही है असत्यता पाये जाने पर समस्त जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी ।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मै शपथकर्ता शपथपूर्वक कथन करता/करती हूं कि कंडिका 01 से 07 तक की लिखी गयी समस्त बातें मेरे स्वयं के जानकारी मे लिखी गयी है आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की दिनांक- 29/08/2025

**शपथकर्ता**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने, भूमिस्वामि एवं विक्रेता श्रीमती साधना पिंचा, पति श्री किरोड़ीगल पिंचा, निवासी देवेन्द्र नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य हक की भूमि जिसका खसरा नंबर 7/25 (सात बटा पच्चीस) रकबा 0.0140 हेक्टेयर, याने कि 1500 वर्गफुट है, जिसमें तीन मंजिला पक्का मकान बना हुआ है, जिसका भूखण्ड/भवन क्रमांक डी-144/5, जो कि वाके मौजा पंडरी तराई प.ह.न. 109, रा.नि.मं. रायपुर-1 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में रायपुर विकास प्राधिकरण की देवन्द्र नगर योजना क्रमांक 032 के अंतर्गत (महात्मा गांधी वार्ड) वार्ड क्रमांक 25, में स्थित है, को खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है केवल विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) किया जाना शेष है।

उपरोक्त विक्रय संव्यवहार या विक्रय इकरार के संबंध में किसी व्यक्ति, आम जनता, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था, साहूकार, बैंक, किसी वित्तीय संस्था, निगम या ग्राम पंचायत आदि को उपरोक्त उल्लेखित भूमि के सबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर सुसंगतमय दस्तावेज लिखित में नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं रहेगा और आपत्ति विधि विरूद्ध एवं शून्य माना जावेगा और मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में करा लिया जावेगा।

**सो सूचना जानें।**

**आर. के. पटेल, अधिवक्ता**
**पता - महंत कालेज के बाजू, गांधी मैदान, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं.- 99261 28407**

**रायपुर (छ.ग.)**
**दिनांक :-**

**Public Notice**

It is for general information that I, ADITYA KUMAR S/o ASHOK KUMAR, R/o- G- type Block No- 7/G- 35, 3rd Battalion, Amleshwar, Amleser, Durg, Chattisgarh- 491111, declare that name of mine and my father and my mother has been wrongly written as ADITYA KUMAR KAHAR and ASHOK KU KAHAR and SAROJ KAHAR in my 10th Class Educational documents. The actual name of mine and my father and my mother are ADITYA KUMAR and ASHOK KUMAR and SAROJ respectively, which may be amended accordingly.

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र. ....... अ/2 वर्ष 2024-25**

**// ईश्तहार //**

आवेदक श्री विनोद कुमार देवांगन पिता श्री जयराम देवांगन निवासी डबरी पारा पेण्ड्रावन बलौदाबाजार तहसील व जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) द्वारा ग्राम जुलुम प.ह.नं. 02 तहसील अभनपुर में स्थित स्वयं की भूमि ख.नं. 1237/15 रकबा 0.010 हे. 1200 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के अंतर्गत के तहत सूचनार्थ आवेदन पत्र एवं भू.रा.संहिता की धारा 59(2) के तहत आवासीय प्रयोजन पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया ।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 16/10/2025 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अभनपुर**
(मुहर)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्र..........अ/2 वर्ष 2024-25**

आवेदिका कौशल्या कहार पिता स्व. श्री जवाहर लाल कहार निवासी स्कूलपारा बेमचा महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम जुलुम प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर में स्थित स्वयं की भूमि ख.नं. 1359/1 का भाग रकबा 0.01 हे. (1000 वर्गफुट) भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के अंतर्गत के तहत सूचनार्थ आवेदन पत्र एवं भू.रा. संहिता की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 17/10/2025 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर)
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अभनपुर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रीमती सोनी सिंह पति श्री जोगेन्द्र सिंह निवासी - आनंदम वर्ड सिटी, कचना, रायपुर, तहसील - रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) के हक, हित, स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति भूखण्ड क्रमांक - Y- 149 रकबा - 2325 वर्गफुट वाके मौजा / ग्राम - कचना, प.ह.न.-43, रा.नि.म. - रायपुर - 1, तहसील- रायपुर. जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, जिससे सम्बंधित विक्रय विलेख दिनांक- 28/07/2017 की मुल प्रति मेरे पक्षकार के निवास स्थान से पास के चौक के मध्य दिनांक- 01/10/2025 को गुम हो गया है।

अतः उक्त विक्रय विलेख की मुल प्रति किसी व्यक्ति को मिले तो वह मेरे निम्नलिखित मोबाईल नम्बर / पता पर सम्पर्क करें । विक्रय विलेख की मुल प्रति देने वाले को उचित इनाम मेरे पक्षकार की ओर से दिया जावेगा। किन्तु यदि उक्त विक्रय विलेख की मुल प्रति का किसी भी व्यक्ति / संस्था के द्वारा कोई दुरूपयोग किया जाता है ऐसे व्यक्ति, संस्था, निकाय या अन्य किसी के द्वारा किया गया ऐसा कृत्य मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा एवं शुन्य होगा । तथा ऐसे व्यक्ति / संस्था के विरूद्ध मेरे पक्षकार के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

सो सूचना जाने
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक-06/10/2025

**भवदीय**
**अरविन्द कुमार सिंह (अधिवक्ता)**
**पताः- एम.आई. जी - एस / 143 फेस-2, कबीर नगर, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल न. - 79744-98275**

### इस माह के शुल्क के साथ बीते माह का सात फीसदी शुल्क भी सितंबर के बिल के साथ वसूला जा रहा

# एफपीपीएएस शुल्क की दो हिस्सों में वसूली से थोड़ी राहत, पर हर माह डबल झटका भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क में थोड़ी राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी इसका शुल्क ज्यादा होने पर इसे दो माह में बांटकर वसूली कर रही है, इससे थोड़ी राहत तो है, पर बीते माह का बकाया दूसरे माह में वसूलने से दूसरे माह में डबल झटका भी लग रहा है। वैसे भी अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा कम करने के बाद घरेलू उपभोक्ताओं को हर माह 400 यूनिट पर हजार से 11 सौ रुपए ज्यादा देने पड़ रहे हैं। इसी के साथ जुलाई से बिजली भी 20 से 30 पैसे यूनिट महंगी हो गई है।

> ■ अक्टूबर के बिल में भी लगेगा नए-पुराने शुल्क का झटका



बिजली का नया टैरिफ इस बार जुलाई से लागू होने के कारण वैसे ही बिजली महंगी हो गई। ऐसे में जब अगस्त के बिल के समय एफपीपीएएस शुल्क तय हुआ तो यह 14.20 प्रतिशत आया। ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसका आधा 7.10 फीसदी ही अगस्त के बिल में वसूली करने का फैसला किया। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आया तो इसमें टैरिफ के साथ ही 7.10 फीसदी के हिसाब से एफपीपीएएस शुल्क लगा। इस माह तो राहत मिल गई लेकिन अब सितंबर में फिर से एफपीपीएएस तय किया गया तो 9.46 फीसदी आया है। ऐसे में इसका 2.46 फीसदी ही सितंबर के बिल के साथ वसूला जा रहा है, लेकिन इसी के साथ अगस्त का पुराना सात फीसदी शुल्क भी लिया जा रहा है। अक्टूबर में जो सितंबर का बिल आ रहा है, उसमें एक तरफ जहां 2.46 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया जा रहा है, वहीं पुराना सात फीसदी शुल्क एडजस्टमेंट कास्ट के रूप में लिया जा रहा है।

### अगले माह भी लगेगा डबल झटका

*जिस तरह से अक्टूबर में सितंबर के बिल में एफपीपीएएस शुल्क का डबल झटका लग रहा है, वैसा ही अक्टूबर के बिल में भी नवंबर में डबल झटका लगेगा, जब अक्टूबर का बिल लिया जाएगा। इसमें जहां सितंबर का बचा सात फीसदी शुल्क वसूला जाएगा, वहीं अक्टूबर के लिए तय होने वाला एफपीपीएएस शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क भी ज्यादा हुआ तो इसका आधा हिस्सा इस माह लेकर आधा हिस्सा फिर से दूसरे माह वसूला जाएगा। वैसे पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अगले माह एफपीपीएएस शुल्क ज्यादा न होने की संभावना है। ऐसा होने से राहत मिल सकती है।*

## प्रकाश पर्व पर आज से दो दिनों तक सजेगा विशेष दीवान

**रायपुर।** गुरु रामदासजी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर बाबा दीप सिंह सेवा दल और गुरुद्वारा स्टेशन रोड द्वारा दो दिवसीय 8 से 9 अक्टूबर तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। गुरुद्वारा स्टेशन रोड प्रबंधक कमेटी के सचिव तेजिंदर सिंह होरा ने बताया कि इस प्रकाश पर्व के अवसर पर बुधवार और गुरुवार को सुबह 10 बजे और शाम 7 से रात 11 बजे तक विशेष दीवान सजेगा। इसी तरह दूसरे दिन सुबह 7 से 8 बजे तक कीर्तन कुलदीप सिंह, 8 से 8.45 बजे तक कीर्तन मक्खन सिंह, सुबह 8.45 से 9.45 बजे तक कीर्तन बीबी जसप्रीत कौर, सुबह 9.45 से 10 बजे तक कीर्तन बीबी रमनीत कौर, सुबह 10 से 11 बजे तक कीर्तन सरबजीत सिंह द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह जसप्रीत कौर अपनी सुरीली व मीठी बाणी से शब्द गायन संगत भी अपने साथ शब्द पढ़ने लगीं, जिससे पूरा दरबार हाल मंत्रमुग्ध हो गया।

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# चिकनी मंदिर चौक से गोलबाजार तक अतिक्रमण, ट्रैफिक जाम से शहरवासी त्रस्त, व्यापारी भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर चिकनी मंदिर चौक से गोलबाजार और मालवीय मार्ग में सड़क घेरकर व्यवसाय करने की परिपाटी से ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ गई है, जिस मार्ग में पहले दुपहिया, तिपहिया और चौपहिया वाहन आसानी से गुजरते, वहां अब दोपहिया वाले जाम में फंस रहे हैं। चिकनी मंदिर चौक में दुकान के सामने पसरा, ठेला, गुमटी लगाने वालों की भरमार है, इससे यह मार्ग बेहद संकरा हो गया है।

गोलबाजार व्यापारी महासंघ ने मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटवाने इस बार अनोखा तरीका अपनाया है। बाजार क्षेत्र में जगह-जगह बैनर-पोस्टर लगाकर कलेक्टर, सांसद, विधायक, महापौर से लेकर जोन अध्यक्ष से गुहार लगाई कि चिकनी मंदिर चौक को अतिक्रमण मुक्त कराएं। मंगलवार को चिकनी मंदिर चौक से अतिक्रमण हटाने पहुंचे पुलिस बल और निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ता को महिलाओं के विरोध का सामना करना पड़ा। चिकनी मंदिर के आसपास फुटकर पसरा लगाने वाली महिलाओं ने श्रृंखला बनाकर अतिक्रमण हटाने का विरोध किया।

त्योहारी सीजन में गोलबाजार, चिकनी मंदिर चौक से बंजारी मार्केट एरिया, मालवीय रोड, शास्त्री मार्केट क्षेत्र में दुकानों के सामने सड़क घेरकर सामान बेचने और पसरा, टेबल लगाकर फुटकर व्यवसाय करने वालों के चलते सड़कें संकरी हो चली हैं। हालत ये है कि सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। नगर निगम, यातायात पुलिस और जिला प्रशासन ने त्योहारी सीजन को देखते हुए अभी तक यहां सुगम आवागमन की पुख्ता व्यवस्था नहीं की है। वहीं चिकनी मंदिर से एवरग्रीन चौक वाले मार्ग को डिवाइडर लगाकर बंद कर दिया है। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।

## गोलबाजार व्यापारी महासंघ ने अतिक्रमण हटाने जगह-जगह लगाए बैनर-पोस्टर

### सुशासन तिहार में दिया आवेदन, कार्रवाई नहीं

गोलबाजार व्यापारी महासंघ ने रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी को सुशासन तिहार में चिकनी मंदिर चौक से अतिक्रमण हटाने ज्ञापन भी दिया। इसके बाद भी कोई एक्शन नहीं लिया गया। इससे गोलबाजार के व्यापारी नाराज हैं। उनका कहना है, सौ से अधिक व्यापारियों ने सुशासन तिहार में चिकनी मंदिर चौक से अतिक्रमण हटाने आवेदन दिया, पर उनके आवेदन को डस्टबिन में डाल दिया गया है। प्रभावित व्यापारियों ने वार्ड पार्षद और जोन-4 अध्यक्ष मुरली शर्मा से मुलाकात कर गोलबाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने आग्रह किया। व्यापारियों के आग्रह पर जोन अध्यक्ष ने संबंधित फुटकर विक्रेताओं को समझाइश देकर सड़क यातायात बाधित न करने के लिए कहा है।




### निगम का दस्ता पहुंचते ही सड़क पर रखा सामान समेटने लगे कारोबारी

मंगलवार दोपहर निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता, जोन-4 की टीम और पुलिस प्रशासन के चिकनी मंदिर चौक पहुंचते ही सड़क घेरकर सामान बेचने वाले कुछ फुटकर विक्रेता आनन-फानन में सामान समेटकर वहां से खिसकते नजर आए। कुछ लोगों ने नाली के ऊपर पटिया रखकर त्योहारी सामग्री की दुकान सजा रखी थी, निगम अमले ने उन्हें वहां से हटाया। इस बीच चिकनी मंदिर के पास पसरा लगाकर फल, पूजन सामग्री, लाई-बताशा बेचने वाली महिलाओं ने निगम की कार्रवाई का विरोध करते हुए मानव श्रृंखला बनाई। इसके चलते गोलबाजार से होकर आने वाले दुपहिया, तिपहिया चालक परेशान हुए। उन्हें कुछ देर वहीं रुकना पड़ा। पुलिस की समझाइश के बाद आवागमन सुगम हुआ।

## खबर संक्षेप



### एक दीया श्रीराम के नाम का पोस्टर विमोचित

रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा शदाणी दरबार तीर्थस्थल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत युधिष्ठिर लाल ने एक दीया श्रीराम के नाम का पोस्टर विमोचन किया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया 13 से 18 अक्टूबर तक दीया एवं रंगोली निशुल्क वितरण किया जाएगा। पोस्टर विमोचन में पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, वरिष्ठ समाजसेवी भरत बजाज, शदाणी दरबार के सचिव उदय शदाणी, सिविल लाइन मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा, धनेश मटलानी, रितेश वाधवा, राजेश रेलवानी आदि उपस्थित थे।

### किक बॉक्सिंग स्पर्धा में तृप्ति ने जीता 2 गोल्ड



रायपुर। खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रायपुर संभाग के कुल 225 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में रायपुर की तृप्ति सिंह ने सीएफएचएस तथा पीएफ केटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। किक बॉक्सिंग संघ के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा और सचिव आकाश गुरुदीवान ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष छगनलाल मुंदड़ा, राजीव मुंदड़ा और अमन ठाकुर उपस्थित रहे।

## निधन

### रणजीत सिंह विर्दी



रायपुर। छोटपारा निवासी सरदार रणजीत सिंह विर्दी का 6 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 अक्टूबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे रौनक सिंह विर्दी, बब्बल विर्दी के पिता और अभिषेक सेठ के ससुर थे।

### संजय नंदवानी



रायपुर। गायत्री नगर अवंति विहार निवासी संजय नंदवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 अक्टूबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे आदित्य नंदवानी के पिता व रवि, विजय, रोहित, मयंक नंदवानी के भाई थे।

## जिन दफ्तरों के कमरे खाली कराए गए, वे हो चुके हैं जर्जर

# छत गिरी तब लिया सबक, अब शिफ्ट किए जा रहे कलेक्टोरेट के दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कलेक्टोरेट बिल्डिंग के एक कमरे की छत धसकने की घटना के बाद अब अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने कलेक्टोरेट के अन्य दो जर्जर हो चुके कमरों में लगने वाले दफ्तरों को भी दूसरी जगह पर अस्थाई रूप से शिफ्ट किया है। इन दफ्तरों में से एक में नजूल शाखा संचालित थी, जहां नजूल संबंधी प्रकरणों पर सुनवाई के लिए कोर्ट भी लगता था। इस दफ्तर को रजिस्ट्री कार्यालय के बगल स्थित भवन में शिफ्ट किया है, वहीं दूसरे कमरे में निर्वाचन से संबंधित कर्मचारी बैठते थे। इस कमरे के बगल में एडीएम का कमरा भी है। इस कमरे के सामने एक खाली पड़े कमरे में इन कर्मचारियों को शिफ्ट किया है। हालांकि स्पेस कम होने के कारण कुछ कर्मचारियों को जिला पंचायत भवन में शिफ्ट किया है।

### कमरा नंबर 7-9 कराए गए खाली

कलेक्टोरेट के कमरा नंबर 8 की छत अवकाश के दिन धसक गई थी। छुट्टी के दिन हादसा होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई थी, लेकिन जिस कमरे में यह हादसा हुआ है। ठीक उससे लगे हुए अन्य कमरों की दीवार से लेकर छत तक जर्जर हो चुकी है, जिससे इन कमरों में भी कभी भी हादसा होने की संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए प्रशासन ने अब जर्जर हो चुके कमरों में लगने वाले दफ्तरों को दूसरी जगहों पर शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। इसकी शुरुआत दो कमरों से की गई हैं। इन कमरों का नंबर 7 एवं 9 है।


कलेक्टोरेट बिल्डिंग का मामला, छत गिरने के दो कारण आ रहे सामने
खस्ताहाल बिल्डिंग की छत पर सोलर पैनल पड़ा भारी, मेंटेनेंस भी नहीं, इसलिए धड़ाम

### अन्य दफ्तरों की शिफ्टिंग के लिए जगह की तलाश

अंग्रेजों के जमाने में बनी बिल्डिंग के ज्यादातर कमरे जर्जर हो चुके हैं। इन कमरों में कई कमरे के ऊपर सोलर पैनल सिस्टम भी लगाए गए हैं। इसी सोलर पैनल सिस्टम के भार के कारण ही कमरा नंबर 8 की छत धसकी थी। सूत्रों की मानें तो अभी सिर्फ दो कमरों को शिफ्ट किया है, वहीं अन्य जर्जर हो चुके दफ्तरों के लिए भी जगह की तलाश जारी है।

### इन दफ्तरों के कमरों में मंडरा रहा खतरा

पुरानी बिल्डिंग में 1 से लेकर क्रमांक 11 तक कमरे बने हुए हैं। इन कमरों में 7, 8 एवं 9 क्रमांक का कमरा शिफ्ट हो चुके हैं, लेकिन 1, 2, 3, 4, 5, 6, 10 एवं 11 अभी भी इसी बिल्डिंग में संचालित है। इनमें से कई कमरों की स्थिति बहुत खराब है, जिसके कारण यहां बैठने वाले अधिकारी-कर्मचारियों सहित यहां पहुंचने वाले आम लोगों पर भी खतरा लगातार मंडरा रहा है।

### नई कंपोजिट बिल्डिंग में शिफ्ट होंगे सभी दफ्तर, निर्माण में लगेंगे दो साल

कलेक्टोरेट में पांचमंजिला नई कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण प्रस्तावित है। यह बिल्डिंग एसएसपी भवन को तोड़कर बनाया जाना है। अभी तक एसएसपी भवन ही शिफ्ट नहीं हो पाया है। अगर एक-दो माह में कार्य शुरू भी हो गया तो भी नई कंपोजिट बिल्डिंग बनने में दो साल से भी अधिक समय लग जाएगा। इस नई बिल्डिंग में पुरानी बिल्डिंग के सभी दफ्तर शिफ्ट होने हैं, लेकिन तब तक पुरानी बिल्डिंग के दफ्तरों को अन्य जगह शिफ्ट किया जाना बेहद जरूरी होगा, क्योंकि इन कमरों की छतें भी कभी भी धसक सकती हैं।

# ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए प्रदेश के तीन विवि को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


- मेट्स विवि, सीवी रमन विवि और पं.सुंदरलाल शर्मा को यूजीसी की अनुमति

यूजीसी द्वारा उन विश्वविद्यालयों की सूची जारी की जा चुकी है, जिन्हें ऑनलाइन प्रोग्राम संचालित करने की अनुमति है। इसके साथ ही यूजीसी ने उन विश्वविद्यालयों की भी सूची जारी कर दी है, जिन्हें ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग की अनुमति प्रदान की गई है। ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए मान्यता प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों में छग से एक भी संस्थान नहीं है। लेकिन ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग अर्थात ओडीएल के लिए प्रदेश के तीन विश्वविद्यालयों को मान्यता प्रदान की गई है। इनमें पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय का नाम भी शामिल है। यह छग का एकलौता शासकीय विवि है, जो इस सूची में जगह बना सका। इसके अलावा दो निजी विश्वविद्यालयों, सीवी रमन विवि और मैट्स यूनिवर्सिटी को भी इस सूची में जगह दी गई है।




### छत्तीसगढ़ के तीन सर्वाधिक 6 विवि यूपी के

ऑनलाइन पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए यूजीसी ने जहां छत्तीसगढ़ के तीन विश्वविद्यालयों को अनुमति दी हैं वहीं सर्वाधिक 6 विवि यूपी के हैं। अन्य विवि असम, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, राजस्थान और तमिलनाडु के हैं। आधिकारिक नोटिस में आयोग ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों को प्रवेश स्तर की योग्यता, प्रवेश की विधि, कार्यक्रम की अवधि (न्यूनतम और अधिकतम) और क्रेडिट की संख्या का अनुपालन यूजीसी अधिसूचना के आधार पर करना होगा। इसके अलावा ऑनलाइन प्रोग्राम के साथ ओडीएल में भी 15 अक्टूबर तक ही प्रवेश दिए जा सकेंगे।



# कलेक्टर कांफ्रेंस में धान खरीदी, गिरदावरी स्वास्थ्य-शिक्षा पर होगी बात, एजेंडा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टर कांफ्रेंस के लिए विभिन्न विभागों के 18 विषयों को लेकर एजेंडा जारी कर दिया है। सभी संभागायुक्तों एवं कलेक्टर्स को जीएडी से जारी परिपत्र में कहा गया है कि 12 अक्टूबर को कलेक्टर कांफ्रेंस मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लेंगे। विभागोंवार इन एजेंडों पर प्रस्तुतिकरण प्रशासकीय विभाग द्वारा दिया जाएगा। जिला कलेक्टरों को धान खरीदी और मक्का खरीदी की तैयारी के संबंध में विशेष ध्यान रखने कहा गया है। कांफ्रेंस के दौरान सबसे महत्वपूर्ण एजेंडे में समर्थन मूल्य पर धान व मक्का की खरीदी की तैयारी को शामिल किया गया है। खाद्य विभाग इस संबंध में प्रस्तुतिकरण करेगा। इसमें कृषक पंजीयन, गिरदावरी का सत्यापन, खरीदी केंद्रों की तैयारी, खरीदी केंद्र प्रभारी की तैनाती, बारदानों की व्यवस्था, बिचौलियों व राज्य के बाहर से आने वाले धान की रोकथाम और वर्ष 2024-25 के धान का उठाव पर प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के क्रियान्वयन की स्थिति पर कृषि विभाग जानकारी प्रस्तुत करेगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा पर ऊर्जा विभाग प्रस्तुतिकरण देगा।

स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों पर जिलों की स्थिति

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मातृ एवं शिक्षा स्वास्थ्य संबंधी विषय, आरोग्य मंदिर के संचालन की स्थिति एनसीडी स्क्रीनिंग व उपचार, आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन की स्थिति, सम्पूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति, टीबी, मलेरिया तथा डेंगू की रोकथाम की व्यवस्था, मितानिन दवा पेटी के लिए औषधियों की व्यवस्था, पीएमए भीम के क्रियान्वयन की स्थिति पर प्रस्तुतिकरण देगा। कुपोषण में कमी लाने के लिए रणनीति पर महिला एवं बाल विकास विभाग प्रस्तुतीकरण देगा। साथ ही



सक्षम आंगनबाड़ी, सुपोषण चौपाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर भर्ती, पोषण एप का उपयोग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसे विषयों पर जिले से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

### शिक्षा और आदिम जाति की योजनाओं पर चर्चा

शिक्षा गुणवत्ता में सुधार कार्यक्रमों पर शिक्षा विभाग जानकारी देगा। एनईपी का प्रभावी क्रियान्वयन, 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के परिणामों का विश्लेषण, शिक्षकों की उपस्थिति, पीएम पोषण, सरस्वती सायकल वितरण, पीएमश्री योजना, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान, धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, पीएम जनमन, छात्रवृत्ति स्वीकृति एवं वितरण, एकलव्य विद्यालयों की स्थापना व संचालन, आवास योजना के लक्ष्य की समीक्षा, मिशन अमृत 2.0 का क्रियान्वयन, नगरीय प्रशासन विभाग इस संबंध में जानकारी देगा। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण ग्रामीण विकास विभाग व नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा जानकारी दी जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण व शहरी ग्रामीण विकास विभाग व नगरीय प्रशासन विभाग स्किलिंग तकनीकी शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना रोजगार मेलों का आयोजन के संबंध में विभाग जानकारी देगा।

### ई-सेवाओं की स्थिति पर चर्चा

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के क्रियान्वयन की स्थिति, ई-सेवाएं एवं लोक सेवा गारंटी सामान्य प्रशासन विभाग व सूचना प्रोद्यौगिकी विभाग, मोबाइल टॉवर्स की स्थिति इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, शासकीय खरीदी में पारदर्शिता वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, हितग्राही मूलक योजनाओं में ई-केवायसी एवं डीबीटी द्वारा भुगतान, पूंजीगत व्यय संबंधी कार्यों में तेजी लाना, शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार जैसे विषयों पर जिला कलेक्टर्स से बात की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### स्कूल शिक्षा मंत्री ने किया समस्याओं का निराकरण

रायपुर। प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के सहयोग केंद्र में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जन की समस्याओं और आवेदनों का निराकरण किया। ज्यादातर मामले स्कूली शिक्षा से जुड़े आए। छोटे मामलों का तत्काल निराकरण किया गया। बचे मामलों का निराकरण करने का कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू, वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लई मौजूद रहे।

### कैबिनेट 10 को, धान खरीदी-कस्टम मिलिंग नीति होगी जारी

रायपुर। साय कैबिनेट की बैठक 10 अक्टूबर को होगी। कैबिनेट में चालू खरीफ वर्ष के लिए धान की उपार्जन नीति और कस्टम मिलिंग की नीति को मंजूरी मिलेगी। साथ ही धान खरीदी की तिथि भी तय किए जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार 10 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक में धान खरीदी को लेकर मंत्रिमंडलीय उपसमिति के निर्णय का अनुमोदन किया जाएगा। समिति ने इस साल धान खरीदी नवंबर माह से शुरू करने का सुझाव दिया है। छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों पर भी चर्चा होगी। राज्योत्सव की तैयारियों के अलावा यहां पर लगने वाले पांच दिन के मेले को लेकर चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा। वहीं एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव पर सहमति बन सकती है।

### जेल से छूटते ही बदमाश फैलाने लगा दहशत, ग्रामीणों ने की थाने में शिकायत

रायपुर। राजधानी रायपुर के मुजगहन थाना क्षेत्र में एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति जेल से छूटते ही गांव के लोगों को जान से मारने की धमकी देने लगा, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने पहले गांव के सरपंच से की। सरपंच ने इस मामले में बैठक भी बुलाई तो आरोपी बैठक में नहीं पहुंचा। इसके बाद ग्रामीणों ने थाने में इसकी शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। इधर थाने में शिकायत के बाद से आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है। धमकाने का वीडियो वायरल मुजगहन थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम भटगांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को सुबह थाने में आकर गांव में रहने वाला तरुण रात्रे के विरुद्ध शिकायत की है कि वह 5 अक्टूबर को गांव के चौराहे पर खड़े होकर कुछ लोगों को पैसे वसूलने के लिए डरा-धमका रहा था। कुछ लोगों को गोली मारने की धमकी भी दी है।

## पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में पिछले सत्र में किया गया था प्रयोग

# उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में एआई की मदद इसके जरिए डेटा विश्लेषण और त्रुटि की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अब वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मूल्यांकन और डिजिटल चेकिंग प्रणाली को बड़े पैमाने पर लागू करने जा रहा है। इसका उद्देश्य उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में सटीकता बढ़ाना और मानवीय त्रुटियों को कम करना है। सीबीएसई ने पिछले परीक्षा सत्रों में एआई-समर्थित उपकरणों और ऑनस्क्रीन मार्किंग की पायलट टेस्टिंग की थी।

- समाप्त नहीं होगी शिक्षकों की भूमिका, मानवीय त्रुटियां कम करने में एआई का उपयोग

इसके परिणाम अच्छे रहे हैं, इसलिए आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए सीबीएसई डिजिटल उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन की प्रक्रिया को और व्यापक करेगा। इसे अगले परीक्षा सत्र में अधिक क्षेत्रीय केंद्रों तक बढ़ाने की योजना है। अब शिक्षक भौतिक उत्तर पुस्तिकाओं की जगह स्कैन की गईं कॉपियों को ऑनलाइन जांचेंगे।

बोर्ड का मानना है कि यह प्रणाली जांच में एकरूपता लाने, क्रॉस-चेकिंग और मॉडरेशन प्रक्रिया को तेज बनाने में मदद करेगी। सीबीएसई के कुछ केंद्र में डिजिटल मूल्यांकन और एआई आधारित सुविधा पहले ही स्थापित की जा चुकी है, जहां प्रारंभिक परीक्षण किए गए थे। शिक्षकों को ऑनस्क्रीन मूल्यांकन के लिए प्रशिक्षण देने की योजना अगले वर्ष की शुरुआत में शुरू होगी। बोर्ड अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह प्रणाली शिक्षकों की भूमिका को समाप्त नहीं करेगी। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच अभी भी शिक्षक ही करेंगे, जबकि एआई उपकरण केवल डेटा विश्लेषण, त्रुटि पहचान और मॉडरेशन सहयोग के लिए उपयोग किए जाएंगे।



### छात्रों के नाम प्रेषित करने आज अंतिम दिन

*सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए उम्मीदवारों की सूची (एलओसी) जमा करने का पोर्टल फिर से खोल दिया है। ऐसे में जो इससे जो प्रारंभिक पंजीकरण की समय सीमा से चूक गए थे वे अब पंजीकर कर सकते हैं। चालान के माध्यम से विलंब शुल्क के साथ आवेदन 8 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे, जबकि अन्य भुगतान विधियां 11 अक्टूबर तक खुली रहेंगी। इस संबंध में एक आधिकारिक नोटिस जारी किया गया है। जारी किए गए नोटिस में सीबीएसई ने कहा है कि यह विस्तार स्कूलों के लिए अंतिम अवसर है, इसका पालन न करने पर छात्र 2026 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए अयोग्य हो जाएंगे। सीबीएसई ने कहा, सभी प्रधानाचार्य जिन्होंने अभी तक अपना एलओसी जमा नहीं किया है, उन्हें यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाते हैं कि उनके संबंधित स्कूलों के लिए एलओसी पूरा हो जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर विलंब शुल्क के साथ जमा कर दिया जाए।*

### मूल्यांकन और मॉडरेशन में पारदर्शिता

बोर्ड का मानना है कि मानव और मशीन के इस मिश्रित मूल्यांकन मॉडल से जांच प्रक्रिया न केवल तेज होगी बल्कि अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष भी बनेगी। सीबीएसई ने पहली बार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एआई-आधारित मूल्यांकन प्रणाली का प्रयोग किया था। इस दौरान बोर्ड ने सैद्धांतिक और प्रायोगिक अंकों के बीच के अंतर का विश्लेषण किया। रिपोर्ट में कई स्कूलों में अंकों में असामान्य अंतर पाया गया, जिसके बाद बोर्ड ने अपने संबद्ध विद्यालयों को आंतरिक मूल्यांकन को बोर्ड के मानकों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए थे। यह डेटा विश्लेषण अभ्यास बोर्ड के लिए तकनीक के बड़े पैमाने पर उपयोग की दिशा में पहला कदम साबित हुआ, जिससे मूल्यांकन और मॉडरेशन में पारदर्शिता आई।

## ठंडे मौसम में उबले एनएसयूआई के युवा पुलिस संग भिड़ंत, जिलाध्यक्ष के कपड़े फटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मंगलवार शाम शहर का मौसम ठंडा रहा, लेकिन एनएसयूआई उबल उठी। छात्रों पर दर्ज हो रहे फर्जी एफआईआर सहित कई मुद्दों को लेकर एनएसयूआई गृहमंत्री निवास का घेराव करने निकली। निर्धारित स्थल पर पहुंचने से पहले ही पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को रोक लिया गया, लेकिन इससे पहले पुलिस संग जमकर भिड़ंत हुई। प्रदर्शनकारी छात्र नेताओं को रोकने के प्रयास में पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के कपड़े भी इस भिड़ंत में फट गए। कई अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को भी हल्की खरोंचें आईं। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी ने विरोध-प्रदर्शन की अगुवाई की। प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारी प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे रहे। एनएसयूआई की रैली कांग्रेस भवन से प्रारंभ होकर ओसीएम चौक होते हुए गृहमंत्री निवास की ओर बढ़ी। प्रदर्शनकारियों की संख्या को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई थी। कई लेयर पर बेरिकेड्स प्रदर्शनकारियों को रोकने लगाए गए थे। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हनी बग्गा, प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय, जिलाध्यक्ष शांतनु झा, प्रभारी महावीर गुर्जर, संजीव शुक्ला, अमित शर्मा, हेमंत पाल, संकल्प मिश्रा तथा अन्य पदाधिकारी प्रदर्शन का हिस्सा रहे।

### वोट चोर मुद्दे पर क्रमबद्ध अभियान

प्रदर्शन पूर्व पुराने कांग्रेस भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई। प्रदेश व जिला पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध, नशाखोरी और छात्र नेताओं पर दर्ज की जा रही फर्जी एफआईआर के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के बाद वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत हुई। इसमें कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर करते हुए लोकतंत्र रक्षा का संकल्प लिया। बैठक में वोट चोरी के मुद्दे पर क्रमबद्ध अभियान का निर्णय लिया गया।

### एफआईआर रद्द करने की मांग

विरोध-प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लगातार हो रही एफआईआर को एनएसयूआई ने फर्जी बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की। इसके अलावा अपराध और नशाखोरी पर सख्त कार्रवाई सहित छात्रों की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी भी प्रदर्शन का मुद्दा रहे।

## प्रेम कुमार बने राज्य वन विकास निगम के एमडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने भारतीय वन सेवा अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। जारी आदेश में 15 आईएफएस अधिकारियों को नई पदस्थापना दी गई है। वन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, आईएफएस प्रेम कुमार को छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास लिमिटेड का प्रबंध संचालक बनाया गया है। आईएफएस संजीता गुप्ता को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वन उपज संघ का कार्यकारी संचालक नियुक्त किया गया है। पूर्व में विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, आईएफएस राजेश कुमार चतुर्वेदी को सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड से हटाकर मुख्य वन संरक्षक, कोरबा तथा अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, योजना मंडल, कोरबा बनाया गया है। आईएफएस एसएन बैजलवाल को प्रमुख वन संरक्षक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान टाइगर रिजर्व, अंबिकापुर पदस्थ किया गया है। इनके अलावा आईएफएस डॉ. जी. मैकटो को प्रमुख वन संरक्षक (परियोजना निर्माण, निगरानी एवं मूल्यांकन), नवा रायपुर नियुक्त किया गया है। महेन्द्र बी. को प्रमुख वन संरक्षक (जीव एवं जैव विविधता संरक्षण), नवा रायपुर पदस्थ किया गया है। एम. मणिवेल्ला को प्रमुख वन संरक्षक (प्राधिकृत), दुर्ग तथा अतिरिक्त प्रभार प्रधान मुख्य वन संरक्षक, योजना मंडल, दुर्ग नियुक्त किया गया है। मनोज कुमार पाण्डेय को प्रमुख वन संरक्षक (प्राधिकृत) बिलासपुर बनाया गया है।




## कोतवाली से एवरग्रीन चौक मार्ग तक कराया कब्जामुक्त

### दर्जनभर दुकानों के सड़क पर रखे सामान जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टीम प्रहरी अभियान जोन-4 क्षेत्र के जयस्तंभ चौक से मालवीय मार्ग में चिकनी मंदिर होकर सिटी कोतवाली चौक, बैजनाथपारा मार्ग से एवरग्रीन चौक मार्ग मुख्य बाजार क्षेत्र को कब्जामुक्त कराने अभियान चलाया गया। अभियान में जोन-4 नगर निवेश विभाग ने मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता टीम के साथ मिलकर अभियान चलाते हुए 5 अवैध ठेले, 7 अतिक्रमण हटाए। साथ ही सड़क पर रखे करीब 12 दुकानों के सामान की जब्ती की गई। जोन-4 के कमिश्नर अरुण ध्रुव के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में कार्रवाई की गई।

## प्रदेशभर के विद्युत संविदा कर्मचारी कल करेंगे डगनिया मुख्यालय भवन का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के विद्युत संविदा कर्मचारी 9 अक्टूबर को डगनिया स्थित विद्युत मुख्यालय भवन का घेराव करेंगे। कर्मचारियों ने पॉवर कंपनी प्रबंधन पर वादाखिलाफी और संविदा कर्मचारियों के प्रति दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। 9 अक्टूबर के इस धरना-प्रदर्शन में प्रदेशभर से विद्युत संविदा कर्मचारी शामिल होंगे। विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर पॉवर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 9 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी अपने लंबित मांगों को लेकर राजधानी स्थित विद्युत कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवा सदन डगनिया का घेराव करेंगे। आंदोलन का यह तीसरे चरण होगा, जिसमें विद्युत कंपनी मुख्यालय के बाहर संविदा विद्युत कर्मचारी गेट मीटिंग कर अपनी आवाज कंपनी प्रबंधन तक पहुंचाएंगे। विदित हो कि आंदोलन के पहले चरण में छत्तीसगढ़



संविदा विद्युत कर्मचारी संघ ने क्षेत्रीय मुख्यालयों में पॉवर कंपनी के नाम मांगपत्र सौंपे। दूसरे चरण में 1 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में सामूहिक कार्य बहिष्कार किया, 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय पर्व के दिन कार्य के बदले अतिरिक्त वेतन न मिलने के विरोध में काम ठप कर विरोध जताया। संघ के पदाधिकारियों का कहना है यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो 18 अक्टूबर से प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

### प्रमुख मांगें

- पॉवर कंपनी में कार्यरत संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए।
- संविदा कर्मचारियों की विद्युतीय दुर्घटना में मृत्यु और सामान्य मृत्यु उपरांत 25 लाख रुपए मुआवजा राशि और परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की मांग।
- वर्तमान में देय एकमुश्त वेतन में संविदा कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और मकान भत्ता प्रदान किया जाए।
- संविदा कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय अवकाश में ड्यूटी किए जाने पर अतिरिक्त भुगतान की पात्रता प्रदान किया जाए, साथ ही पूर्व में संविदा कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय अवकाश में की गई अतिरिक्त ड्यूटी का भुगतान अलग से किया जाए।

### तीन प्रमुख संगठन भी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे

9 अक्टूबर को बिजली कर्मचारियों के इस आंदोलन में छत्तीगसढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ अपनी 22 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यालय के सामने प्रदर्शन करेगा। छत्तीसगढ़ विद्युत अभियंता संघ, छत्तीसगढ़ विद्युत जनता यूनियन और छत्तीसगढ़ विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ अपनी लंबित मांगों को लेकर अपने हक की आवाज बुलंद करने आंदोलन की तैयारी में है।





### बर्खास्त एनएचएम कर्मियों को दिवाली पर मिल सकता है बहाली का तोहफा

रायपुर। हड़ताल अवधि के दौरान बर्खास्त हुए एनएचएम कर्मचारियों की दिवाली के पहले बहाली हो सकती है। उन पर कार्रवाई शून्य करने की मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को स्वस्थ्य मंत्री से मुलाकात की है। एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल 20 सितंबर को समाप्त हो चुकी है, मगर तकनीकी कारणों से 25 बर्खास्त कर्मचारियों की अब तक वापसी नहीं हो पाई है। हड़ताल समाप्ति के दौरान एनएचएम के कर्मचारियों की कई गई विभागीय कार्रवाई शून्य करने का आश्वासन दिया गया था। दूसरे दिन से कर्मचारी काम पर वापस लौटने शुरू हो गए थे, मगर 25 कर्मचारियों की वापसी आज तक नहीं हुई है। इसकी वजह हड़ताल अवधि के दौरान विभागीय स्तर पर उनकी सेवा समाप्त करना है। इस मामले में कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की।

## मंत्री ओपी बोले- जीएसटी 2.0 की टैक्स दरों में कमी का लाभ आम जनता तक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य कर (जीएसटी) विभाग की समीक्षा बैठक मंगलवार को नवा रायपुर में वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान विभागीय कार्यों की प्रगति, राजस्व संग्रह, कर चोरी की रोकथाम और प्रशासनिक सुधारों की विस्तृत समीक्षा की गई। इसी दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जीएसटी सुधारों का लाभ आम आदमी को मिले, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद वर्ष 2022 तक राज्य को 14 प्रतिशत संरक्षित राजस्व में कमी की स्थिति में केंद्र से मुआवजा प्राप्त होता था। वर्तमान में राज्य की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बनाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अब सभी अधिकारियों को अपने कार्य



प्रदर्शन के माध्यम से राजस्व वृद्धि की पूर्ण जिम्मेदारी लेनी होगी। साथ ही राज्य के बाहर से बेस ऑयल मंगाकर बिना कर अदा किए बेचने वाले व्यापारियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि कर चोरी रोकने के लिए संगठित और ठोस प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति और सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का उपयोग अनिवार्य किया जाए। मंत्री श्री चौधरी ने अन्य राज्यों विशेषकर महाराष्ट्र और गुजरात में लागू सफल कर प्रबंधन प्रणालियों का अध्ययन कर उन्हें छत्तीसगढ़ में लागू करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

### फर्जी या गैर-पंजीकृत फर्मों पर कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश

बैठक में नए नियुक्त अधिकारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने तथा फर्जी या गैर-पंजीकृत (एनजीटीपी) फर्मों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वित्त मंत्री ने कहा कि अधिकारी अपने कार्यों में दक्षता, विशेषज्ञता और पारदर्शिता लाएं तथा दैनिक कार्यों का सुव्यवस्थित रिकॉर्ड रखें। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सभी अधिकारियों से राज्य के राजस्व हित में निष्ठा, समर्पण और टीम भावना के साथ कार्य करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की पूर्ण प्राप्ति सुनिश्चित करने निर्देशित किया। बैठक में वित्त सचिव मुकेश बंसल, आयुक्त राज्य कर पुष्पेन्द्र मीणा सहित विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 शारदोत्सव में तीन गुरुओं का मनाया...

## आराधना

### सफलता पाने के लिए बातों से नहीं, रातों से लड़ना पड़ता है



**रायपुर।** गुढियारी में चल रहे हनुमंत कथा के चौथे दिन बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि सफलता पाने के लिए बातों से नहीं, रातों से लडऩा पड़ता है। इसके लिए आलस को त्यागना, अभिमान, सुख को त्यागना पड़ता है और क्षमा करना पड़ता है। विनम्र बनना पड़ता है, कमिटमेंट करना पड़ता है। आईएएस, डॉक्टर, व्यापारी अगर और अधिक सफलता पाना चाहते हो तो एक बात नोट कर लीजिए, बेटा-बेटी वो महान नहीं है जो माता-पिता के नाम से जाने जाए, बेटा और बेटी तो वो महान है, जिनके नाम से माता-पिता को जाना जाए। माता-पिता की पहचान पूरी दुनिया में कराने के लिए एक बात वचन ले लो कि तुम अपने आप को बदलकर रहोगे। दौड़ते हुए घोड़े, उगते हुए सूर्य का चित्र लगाने से कभी भी भाग्य नहीं चमकता है। सूर्य उदय के पहले जागना पड़ता है और घोड़ों की तरह दौड़ना पड़ता है। हम केवल तुम्हें रास्ता दे सकते हैं और दिव्य दरबार के माध्यम से तुम्हें हनुमान जी आशीर्वाद मिल सकता है, पॉजिटिविटी मिल सकती है, अच्छी सोच मिल सकती है। हमारे पास जो दिव्य शक्ति या चेतना है, जिन शक्तियों के बल पर भारत से लेकर कई देशों में सनातन धर्म का झंडा फहरा रहे हैं। हम इसके बल पर तुम्हें आशीर्वाद सकते हैं, लेकिन चलना तो तुमको को पड़ेगा।

#### मंदिर के अंदर देखना चाहते हैं अस्पताल

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि ज्यादा कथा इसलिए हम कर रहे हैं कि बागेश्वरधाम पर अस्पताल बन सकें। लोग कहते थे कि मंदिरों से किसको फायदा है। मैं कहता हूं कि बागेश्वरधाम की दान पेटी पहली दान पेटी है, जहां पर गरीब बेटियों का तो घर बसता ही है और कथा में मिलने वाली दक्षिणा से अस्पताल का निर्माण भी हो रहा है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान उनसे हमने कहा कि देश में अस्पतालों के अंदर तो मंदिर बहुत है, लेकिन मंदिर के अंदर अस्पताल हम देखना चाहते हैं। इस पर उन्होंने पूछा कि बनाओगे कैसे, तब हमने कहा कि आपने जैसे राम मंदिर बना दिया।

● शून्य से 4 साल तक के बच्चों में सर्दी-जुकाम का होना सामान्य, ओवरडोज देने से बचें

# बच्चों के लिए डॉक्टर की लिखी पुरानी पर्ची से दवा न खरीदें सर्दी-जुकाम से परहेज, समझ न आए तो जाएं अस्पताल

> शून्य से 4 साल तक के बच्चों में सर्दी-जुकाम का होना सामान्य या यूं कहें नैचरल प्रक्रिया है। ऐसे में पैरेंट्स चाहे तो मौसम के अनुरूप थोड़ी सी सावधानी या परहेज कर बच्चों को सर्दी-जुकाम, वायरल फीवर आदि से सुरक्षित रख सकते हैं। छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता वैसे ही कम होती है, ऐसे में मौमस में बदलाव का प्रभाव एकदम से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता रहता है।

**रायपुर।** यदि लगे की बच्चे का सर्दी-जुकाम, वायर फीवर गंभीर स्थिति में हैं तो पैरेंट्स तत्काल उन्हें अस्पताल लेकर जाएं। भूलकर भी बच्चों के लिए डॉक्टर की लिखी हुई पुरानी पर्ची से मेडिकल से दवाइयां लेकर बच्चों को न खिलाएं। साथ ही अपने मन से बाजार की दवाई दुकानों से दवाइयां खरीद कर इस्तेमाल करने से बचें। यह कहना है शहर के मेकाहारा अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ओंकार खंडेलवाल का। डॉ. खंडेलवाल के अनुसार बच्चों में होने वाले सामान्य वायरल सर्दी-जुकाम को अधिक दवाइयों का डोज देकर दबाना नहीं चाहिए। मध्यप्रदेश में बच्चों की सर्दी-जुकाम की दवाइयों के सेवन से हुई घटना के परिपेक्ष्य में हरिभूमि की टीम ने शहर के प्रमुख शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों से व्यूव जाने की कोशिश की है।





बच्चों को जरूरी टीका लगाएं और मौसमी वायरल बीमारियों से छुटकारा पाएं

*शहर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुप वर्मा बताते हैं कि सर्दी, जुकाम, बुखार बच्चों में अक्सर मौसमी वायरल स्वास्थ्य समस्याएं हैं। बच्चों को जरूरी टीका लगावा कर इन मौसमी वायरल स्वास्थ्य समस्याओं से काफी हद तक बचा सकते हैं। बच्चों को सिरप के रूप में दिए जाने वाली दवाइयां डॉक्टर्स के मुताबिक ही दिया जाए। अधिक डोज दवाइयों का न दें। मौसम के बदलाव के मुताबिक परहेज व पंखा, कूलर, एसी का इस्तेमाल को भी संतुलित कर बच्चों को वायरल सर्दी, जुकाम, खासी व बुखार से बचा सकते हैं। पैरेंट्स इन जरूरी बातों का ध्यान रख बच्चों के स्वास्थ्य को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित उपचार सुनिश्चित कर सकते हैं।*



### मौसम के अनुरूप बच्चों का देखभाल करें

आजकल गांव हो या शहर सरकारी अस्पताल व निजी क्लीनिक में शिशु रोग से संबंधित डॉक्टर्स आसानी से उपलब्ध हैं। ऐसे में बच्चों के मामले में किसी भी स्वास्थ्य संबंधित उपचार को लेकर पैरेंट्स लापरवाही न बरतें। मौसम के अनुरूप बच्चों का देखभाल करें। बीमारी समझ में न आए तो जानकार डॉक्टर्स व संबंधित अस्पताल से संपर्क करें। इन सभी बातों पर ध्यान देकर बच्चों को किसी भी तरह की दवाइयों के होने वाले दुष्प्रभाव में आने से बचाया जा सकता है।

### दो से अधिक प्रकार की दवाइयों को एक साथ न दें

शहर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कनक रमनानी का कहना है कि बच्चों को सर्दी-जुकाम होने पर दो से अधिक प्रकार की दवाइयां एक साथ न दें। दवाइयों का ओवर डोज नुकसानदायक होता है। शून्य से 2 वर्ष तक के बच्चों की पैरेंट्स विशेष ख्याल रखें। खासी-सर्दी-जुकाम, बुखार या निमोनिया जैसी स्थिति होने पर अस्पताल जाकर डॉक्टर्स से उपचार व परामर्श लें। बिना किसी जानकारी के अपने से दवाई दुकानों से गलत दवा बच्चों को देने की गलती कभी न करें। डॉक्टर के सुझाए दवाइयां ही निर्धारित समय व डोज के अनुरूप बच्चों को सेवन कराएं।

## सिटी इवेंट

### मिस्टर, मिस एंड मिसेज छत्तीसगढ़ बनने 20 प्रतिभागियों ने दिया ऑडिशन





**रायपुर।** फैशन की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए उत्सुक प्रतिभागियों के लिए मिस्टर, मिस एंड मिसेज़ आइकॉन छत्तीसगढ़ सीज़न 8 का आयोजन हो रहा है। यह प्रदेश का मॉडलिंग प्रतियोगिता का सबसे बड़ा मंच है। इसके लिए पहले दिन मंगलवार को 20 प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिया। यह विधानसभा रोड स्थित अम्बुजा मॉल, सिटी सेंटर में आयोजित किया गया है। मिस्टर, मिस एंड मिसेज़ आइकॉन छत्तीसगढ़ सीज़न 8 में फैशन, ग्लैमर और आत्मविश्वास का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। आयोजक टीम के सदस्य राहुल कुकरेजा ने बताया कि यह कार्यक्रम एआर इवेंट्स और ब्रांड इवेंट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। इस इवेंट्स में पहले दिन ऑडिशन में करीब 20 प्रतिभागियों ने पार्टिसिपेट किया। प्रतिभागी आयोजन स्थल पर स्पॉट पर फॉर्म भर कर और ऑडिशन देकर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। आयोजकों का कहना है कि इस इवेंट में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के उभरते मॉडल्स के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, जहां निर्धारित तिथियों पर ऑडिशन में भाग लेकर और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच पा सकते हैं।

> मिस एंड मिसेज़ आइकॉन छत्तीसगढ़ सीज़न 8 का आयोजन

#### 12 को ग्रैंड फिनाले में होगा मुकाबला

*आयोजक टीम ने बताया कि तीन दिन प्रतिभागियों का ऑडिशन सेशन के बाद अंतिम सलेक्ट प्रतिभागियों के बीच ग्रैंड फिनाले रखा जाएगा। 12 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से मॉल में ग्रैंड फिनाले की महामुकाबला शुरू होगा। अगले दो दिन 8 व 9 अक्टूबर तक ऑडिशन और चलेगा। इवेंट्स में हिस्सा लेने लोगों में अच्छी खासी रूझान देखने को मिल रहा है।*

#### इवेंट की खास आकर्षण

*आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष छत्तीसगढ़ के हर कोने से प्रतिभागी अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करने मिस्टर, मिस एंड मिसेज आइकॉन छत्तीसगढ़ में आते हैं। इस साल भी फैशन का जलवा में बाजी मारने वाले विजेता प्रतिभागियों के लिए 30,000 मूल्य का आकर्षक पोर्टफोलियो पुरस्कार रखा गया है।*

# प्रदर्शनी में कतली, बर्फी, गुजिया, इमरती जैसी पारंपरिक मिठाइयों के कैंडल लोगों की पसंद

**रायपुर।** दीपावली त्योहार से पहले शहर के बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। ऐसे में संगिनी महिला मंडल द्वारा दो दिवसीय दीपावली बाजार का आयोजन किया गया। जहां सजावटी एवं पूजन सामग्री की सौ से अधिक स्टॉल सजाई गई। यह प्रदर्शनी समता कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल के सभागार में देर रात तक चली। इसमें तोरण, कैंडल, सजावटी दीपक, झूमर, इंडियन व वेस्टर्न ड्रेस, डिजाइनर पर्स, रंगोली सामग्री और श्री कृष्ण के पोशाक के स्टॉल सजा। यहां हैंडमेड सजावटी वस्तुओं की मांग सबसे अधिक बनी रही।





### तोरण में श्री बांके बिहारी की छवि

प्रदर्शनी में तोरण और दीपक के कई स्टॉल सजे नजर आए। इसमें अधिकतर स्टॉल्स पर हैंडमेड सजावटी वस्तुएं सजी नजर आईं। इस वर्ष तोरण श्री बांके बिहारी, पशु-पक्षी, मोर पंख, फूलों व अन्य तस्वीरों से सजाया गया है। साथ ही रंग-बिरंगे, स्टोन, मोती, चमकदार लेस, गोट और जरी वर्क, बांधनी प्रिंट में भी इसे सजाया गया है। इसकी कीमत 800 रुपए से शुरू की गई है, जो 1500 रुपए तक तय की गई।

### मोतियों की सुंदर कारीगरी के सजा श्री कृष्ण का पोशाक

*दीपावली प्रदर्शनी में मिठाई के आकार वाले कैंडल ने सबका ध्यान खींचा। काजू कतली, समोसा, बर्फी, लड्डू, गुजिया, ओखरा और इमरती जैसे पारंपरिक मिठाइयों के आकार में बनाए गए ये कैंडल देखने में बिल्कुल असली मिठाई की तरह लग रहे थे। इसकी कीमत दुकान संचालक ने 25-70 रुपए तय की, ऐसे में लोग घरों में रीटर्न गिफ्ट के तौर पर इसकी खरीदी कर रहे थे। इस दौरान श्री कृष्ण के सुंदर पोशाक भी स्टॉल में सजाए गए। गोटे दार, जरी वर्क और मोतियों की सुंदर कारीगरी के साथ चमकदार लेस वाले लड्डू गोपाल के पोशाक सजे नजर आए। इसमें 1500 से 3000 हजार रुपए तक स्टॉल में पोशाक रहे।*

## फैशन प्रदर्शनी के लिए कोलकाता व जबलपुर से पहुंचे डिजाइनर्स

*रायपुर। राजधानी में एक दिवसीय गुनेशा फैशन प्रदर्शनी के करवा चौथ एवं दिवाली एडिशन का आयोजन 8 अक्टूबर को कचना स्थित आनंदम वर्ल्ड सिटी के क्लब हाउस में होगा। सोनाली सलूजा ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी द्वारा किया जाएगा। वहीं, प्रदर्शनी में हिस्सा लेने कोलकाता एवं जबलपुर से करीब 30 डिजाइनर्स राजधानी पहुंचे हैं। फैशन प्रदर्शनी में करवा चौथ कलेक्शन सहित ज्वैलरी, एक्सेसरीज, होम डेकोर, किड्स वेयर सहित डिजाइनर कुर्तियां, सूट एवं साड़ी उपलब्ध रहेगी। आयोजिका ने बताया कि प्रदर्शनी में फैशन और पैशन के मिलन वाले आकर्षक पोशाक देखने को मिलेंगे। वहीं, कार्यक्रम में बेहद ही शानदार, खूबसूरत अंदाज में सुंदरता के साथ पारंपरिक वेशभूषा को दर्शाया जाएगा। प्रदर्शनी का आयोजन प्रातः 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा।*

करवाचौथ पर व्रती महिलाएं डिजाइनर मेहंदी से श्रृंगार करेंगी

# करवाचौथ पर मोनोग्राम, पोर्ट्रेट, हार्ट शेप की मेहंदी डिजाइन महिलाओं में कर रही ट्रेंड, डिजाइनर्स की बुकिंग शुरू

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** करवाचौथ पर व्रती महिलाएं डिजाइनर मेहंदी से श्रृंगार करेंगी। करवाचौथ से पहले शहर की महिलाएं मेहंदी डिजाइनर्स की बुकिंग करा ली हैं। हाथों व पैरों पर आकर्षक मेहंदी डिजाइन से श्रृंगार करने व्रती महिलाएं उत्साहित हैं। शहर में महिलाएं करवा चौथ पर हाथ और पैरों के लिए मेहंदी लगाने के लिए पहले से ही डिज़ाइन चुनकर बुकिंग कर रही हैं, ताकि वे अपनी पसंद के अनुसार मेहंदी लगवा सकें और करवा चौथ के शुभ अवसर पर सुंदर दिख सकें। महिलाएं करवा चौथ के लिए विभिन्न प्रकार के डिजाइन जैसे पारंपरिक, आधुनिक या फूलों वाले डिजाइन ऑनलाइन या ऑफलाइन मेहंदी कलाकारों के माध्यम से कराने तैयारी कर रही हैं। महिलाएं अपनी पसंदीदा डिजाइन और कलाकार को अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए पहले से ही बुक कर रही हैं। शहर के मेहंदी डिजाइनर आलोक गुप्ता बताते हैं कि मेहंदी का रंग गहरा करने के लिए लौंग के धुएं का इस्तेमाल कर सकती हैं या मेहंदी सूखने के बाद नींबू और चीनी के घोल हाथों पर लगा सकती हैं। करवा चौथ पर आकर्षक डिजाइन की मेहंदी महिलाओं में ट्रेंड कर रहा है। करवा चौथ में मेहंदी का श्रृंगार महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। आजकल मेहंदी डिजाइनर्स हायर करने का चलन है, जिससे मनपसंद की परफेक्ट वाली मेहंदी डिजाइन से श्रृंगार में चार चांद लग सकें। करवा चौथ पर व्रती महिलाओं की पसंदीदा डिजाइन व मेहंदी डिजाइनर्स की बुकिंग ट्रेंड में हैं।

### डिजाइन के हिसाब से कीमत

मेहंदी की कीमतें डिजाइन और आकार के आधार पर अलग-अलग होती हैं। शहर की मेहंदी डिजाइनर रेशमा बताती हैं कि करवा चौथ पर डिजाइन व आकार के अनुसार 1000 से 2500 रुपए तक हाथों व पैरों की मेहंदी डिजाइन बनाने का चार्ज लिया जा रहा है। करवा चौथ व फेस्टिवल में मेहंदी बुकिंग का चार्ज शादी के मुकाबले सस्ता ही रहता है। शादी में 5000 से 8000 रुपए तक पैकेज में मेहंदी डिजाइनर्स बुकिंग लेते हैं।



### इन मेहंदी डिजाइन की हो रही डिमांड

मेहंदी डिजाइनर मोनिका वर्मा बताती हैं कि इस करवा चौथ पर नाम वाले मोनोग्राम डिजाइन हाथ की उंगलियों या हथेली पर पति के नाम के अक्षर छोटे और सुंदर तरीके से लिखें डिजाइन ट्रेंड में हैं। इसी तरह से फूल और डॉट्स के पैटर्न, पोर्ट्रेट और लव स्टोरी डिजाइन मेहंदी डिजाइन के बीच में छलनी और दीपक पकड़ी हुई महिला का पोर्ट्रेट डिजाइन, पत्नी के पोर्ट्रेट के साथ छोटे फ्रेम में पति का पोर्ट्रेट या नाम का पहला अक्षर बहुत ही खूबसूरती से जोड़ा जाता है। फूलों और पत्तियों के बीच नाम, फूलों की बनावट के बीच पति के नाम को छुपाकर एक इनट्रिकेट और सुंदर पैटर्न यह डिजाइन देखने में क्लासी और ट्रेंडी लगता है। हार्ट शेप डिजाइन में नाम दिल के आकार के अंदर पति का नाम लिखें, यह बेहद रोमांटिक और सेलिब्रेशन के लिए परफेक्ट है।



**सिटी लाइव**

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने निभाई ट्रैफिक मितान की भूमिका



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस एवं लायंस क्लब कैपिटल के हेलमेट जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना दुर्गा महाविद्यालय से सुनीता चंसौरिया ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर यातायात जागरूकता अभियान में हमेशा अपनी सहभागिता देते हैं। ट्रैफिक मितान के रूप में शहर के व्यस्ततम चौराहों पर अपनी सहभागिता दे रहे डीएसपी गुरजीत सिंह ने संबोधन में कहा, शहर के नागरिक ट्रैफिक नियमों का पालन करें, इससे ट्रैफिक पुलिस को एक भी चालान न बनाना पड़े। यातायात के नियमों का पालन करना जरूरी है, इससे कई दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सकता है।

### हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया

इस दौरान छात्रों को यातायात नियमों का पालन कराने की शपथ भी दिलाई गई। स्वयंसेवकों को हेलमेट कार्यक्रम में यातायात पुलिस से एडिशनल एसपी प्रशांत शुक्ला, डीएसपी गुरजीत सिंह, डीएसपी सतीश ठाकुर उपस्थित रहे। लायंस क्लब कैपिटल से अध्यक्ष लायंस कनिज सिद्दीकी, सचिव लायंस अमरजीत कौर ढलला, कोषाध्यक्ष भोजराज साहू, पूर्व अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी कौशल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर प्रतिभा मुखर्जी साहूकार ने की। डीएसपी सतीश ठाकुर ने कविता एवं छोटी-छोटी कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया। एडिशनल एसपी प्रशांत शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य होते हैं, हमेशा हेलमेट लगाएं और तेज गाड़ी ना चलाएं।

**लाइव इवेंट**

## एम्स परिसर में 9 अक्टूबर को 'मैं अनिकेत हूं' नाटक का मंचन



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के सदस्यों द्वारा 'मैं अनिकेत हूं' नाटक की प्रस्तुति एम्स परिसर में 9 अक्टूबर को शाम 7 बजे दी जाएगी। नाटक का मंचन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सभागृह में होगा। 90 मिनट के इस मूल मराठी नाटक 'मैं अनिकेत हूं' की केंद्रीय भूमिका अनिकेत के रूप में शशि वरवंडकर निभा रहे हैं, जबकि उनकी पत्नी मीनाक्षी शर्मा का किरदार डॉ. अनुराधा दुबे ने जीवंत किया है। साथ ही चेतन दंडवते, दिलीप लांबे, प्रकाश खांडेकर, रंजन मोडक, प्रीता लाल, रविंद्र ठेंगड़ी, समीर टुल्लू, भारती पलोसकर, विनोद राखुंडे, पंकज सराफ, डॉ. अभया जोगलेकर और श्याम सुंदर खंगन की सशक्त भूमिकाएं भी प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाती हैं।


### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सभागृह में प्रस्तुति

महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने बताया कि कुछ दिनों पहले मंडल के सभागार में नाटक का मंचन किया गया था, जो दर्शकों के लिए यादगार साबित हुआ। वहीं, जो दर्शक पिछले बार नाटक नहीं देख पाए थे, वे एम्स के गेट नंबर 5 से सभागृह में प्रवेश कर नाटक का आनंद ले सकते हैं। यह आयोजन सभी के लिए निःशुल्क रहेगा। इस नाटक की पटकथा, अभिनय, मंच सज्जा और सामाजिक संदेश को दर्शकों के बीच प्रस्तुत करती हैं। संवेदनशील विषय और प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ रंगप्रेमियों को बांधे रखने के लिए तैयार है।

**समाज इवेंट**

## पंजाबी सनातन सभा का करवाचौथ सेलिब्रेशन 10 को, 300 व्रती महिलाएं करेंगी पूजा

**रायपुर।** पंजाबी सनातन सभा द्वारा करवाचौथ पूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 10 अक्टूबर को करवा चौथ पूजा में पंजाबी सनातन सभा की करीब 300 व्रती महिलाएं परंपरागत रूप से करवा चौथ सेलिब्रेशन करेंगी। पंजाबी सनातन सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना ने बताया कि सुहागन स्त्रियों का महापर्व करवा चौथ 10 अक्टूबर को पंजाबी सनातन सभा के आयोजन में पंजाब केसरी भवन जोरा में मनाया जाएगा। यह शहर का सबसे बड़ा आयोजन होगा, जिसमें लगभग 300 महिलाएं हिस्सा लेंगी। वहीं, महिला मंडल अध्यक्ष रेणु गुप्ता एवं महिला मंडल यूथ विंग अध्यक्ष प्रिया टावरे ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि करवा चौथ के दिन महिलाएं करवा माता की परंपरागत पूजा-अर्चना कर कथा सुनेंगी। इसके पश्चात कुछ मनोरंजक गेम का आयोजन किया जाएगा। इसमें विजेता को आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा।



### लकी ड्रॉ में दिए जाएंगे पुरस्कार

करवा चौथ क्वीन, लक्की ड्रा आदि में भी पुरस्कार दिए जाएंगे। जिन महिलाओं का पहला, पच्चीसवां और पचासवां करवा चौथ रहेगा, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी जाएंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने मीनू चंगा, त्रिशा खुराना, नीलम विग, सारिका सेठ आदि महिला सदस्य कार्य कर रही हैं।

**● विधानसभा में गूंजा जैनाचार्यों का जयकारा, गुरु शरणम् शारदोत्सव का आयोजन**

# शारदोत्सव में तीन गुरुओं का मनाया अवतरण महोत्सव, भक्ति संगीत में डूबा जैन समाज

विधानसभा सभागार में जैन समाज ने मंगलवार को गुरु शरणम् शारदोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान जैन समाज के संत उपस्थिति रहे। समाधिस्थ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज, नवाचार्य विद्यानिधि आचार्य 108 श्री समय सागर महाराज और गणिनीश्रेष्ठ आर्यिका श्री 105 ज्ञानमति माता के अवतरण पर कार्यक्रम में जैन आचार्यों की जय-जयकार से पूरा सभागार गुंजायमान हो रहा था।

रायपुर। संगीतमयी भजनांजलि, आचार्य श्री की भक्तिमय पूजन और उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर विद्वतजनों के उद्बोधन से मानो राज्य का मुख्य कार्यस्थल विधानसभा जैनमय प्रतीत हो रहा था।केसरिया और श्वेत परिधानों के ड्रेस कोड से सज्जित अनुशासित तरीके से रायपुर के समस्त दिगंबर जैन मंदिरों की समाज कार्यक्रम में उपस्थित रही। गुरु शरणम शारदोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक रायपुर पश्चिम राजेश मूणत, विधायक रायपुर दक्षिण सुनील सोनी, विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू ने गुरुदेव द्वयों के तैल चित्रों का अनावरण कर दीप प्रज्वलित किया।



### प्रेरणा से लोग तपस्या और साधना के मार्ग पर चल पड़े

मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जैन धर्म हजारों वर्षों से पल्लवित होता रहा है, जिसके प्रमाण इतिहास में मिलते हैं। आज ये विधानसभा का सौभाग्य है कि ऐसे महान संतों पर कार्यक्रम करने का हमें अवसर मिला और आर्यिका माता जी के चरणों की रज से ये स्थान आज पावन हो गया है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज भारत के ही नहीं, पूरे विश्व के महाप्रज्ञ थे। उन्होंने सिर्फ जैनों की नहीं, बल्कि पूरे विश्व के सुखी रहने की बात कही। ये छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि उन्होंने सबसे ज्यादा यहां समय बिताया और अंतिम सांसें भी यहां लेकर छत्तीसगढ़ को सदा के लिए उपकृत कर गए।






### भक्ति गीत में झूमे लोग

कार्यक्रम का धार्मिक आरंभ आचार्य मानतुंगाचार्य द्वारा संस्कृत में रचित महाअतिशयकारी श्री भक्तामर जी पाठ से हुआ। शारदोत्सव को भव्य उल्लासपूर्ण और यादगार बनाने के लिए जबलपुर से आए राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त सुरों के साधक अवशेष जैन ने संगीतमय भजनों से समां बांध दिया। छोटे बाबा रे पधारो स्वामी मेरे अंगना रे.... भक्ति गीत में जैन समाज के सभी लोग झूमते नाचते हुए गुरुवर की भक्ति की। कुंडलपुर के बड़े बाबा की भक्ति करो झूम -झूम के ने बेहतरीन समां बांध दिया। हमें तो खूब दिया गुरु विद्यासागर ने.. भक्ति रचना में सभी लोग सराबोर हो झूमते रहे। चली रे मधुबन की गाड़ी... , ये चमक ये महक सब कुछ गुरु तुम्हई से है... जैसे एक से बढ़कर एक गुरु की भक्ति में गाए भजनों को सुनकर समूचा परिसर भक्तिरस में लीन हो गया। आचार्य श्री की भक्तिमय पूजन में सकल दिगंबर जैन समाज ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर माहौल को श्रद्धा से सराबोर कर दिया।

### विद्यासागर महराज गीत पर मंगलाचरण नृत्य की प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में अपेक्षा संघी द्वारा संत शिरोमणि विद्यासागर गीत पर शानदार व मनोहारी मंगलाचरण नृत्य की प्रस्तुति दी। डोंगरगढ़ में संचालित बालिका छात्रावास विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी गई। वहीं, चक्रधर समारोह में प्रस्तुति देने वाली ख्यातिलब्ध नृत्यांगना शाश्वती बैनर्जी ने अनुपम शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर जैन समाज के सर्वोच्च शाश्वत तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर जी की लगभग 250 लोगों को धर्म यात्रा कराने के पुण्यांर्जक बनने के लिए गुरुकृपा परिवार का सम्मान समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जैन अल्पसंख्यक कमेटी के अनिल जैन, डोंगरगढ़ कमेटी के सुधीर जैन, अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, सतीश थोरानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालक श्री राजेश जैन रज्जन द्वारा किया गया।

### कचना में धूमधाम से मनाई जन्म जयंती

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर अमलतास केसल कचना स्थित 1008 श्री मुनिसुव्रत नाथ दिगम्बर जैन मंदिर में संत शिरोमणि 108 आचार्य भगवन श्री विद्यासागर महा मुनिराज की जन्म जयंती धूमधाम से धार्मिक माहौल में मनाई गई। नित्य अभिषेक, शांति धारा, पूजा- पाठ के पश्चात आचार्य श्री के अवतरण दिवस पर विशेष आचार्य छत्तीसी विधान' किया गया, जिसमें सभी धर्म प्रेमी बंधुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उपरोक्त जानकारी मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु जैन ने दी। सुरेश मोदी ने बताया कि आचार्य श्री के द्वारा जैन धर्म के अलावा स्वालम्बी भारत के निर्माण के लिए हाथकरघा, गौशाला, प्रतिभा स्थली आदि के लिए जनमानस को प्रोत्साहित किया गया।

## प्री-दिवाली सेलिब्रेशन में दशहरा उत्सव और रामलीला का मंचन

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन द्वारा प्री-दिवाली सेलिब्रेशन और दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वीआईपी रोड स्थित मधुबन फार्म हाउस में हुआ। आयोजन क्लब के सदस्यों और उनके परिवारों के लिए यह कार्यक्रम सांस्कृतिक सौहार्द, परंपरा और यादगार से भरपूर रहा। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में संगीत से सजी संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें क्लब के सदस्यों ने पारंपरिक गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। यह आयोजन पारंपरिक त्योहारों की सांस्कृतिक गरिमा को जीवंत करता रहा।




### रामलीला की अनुपम प्रस्तुति बनी कार्यक्रम की जान



इस विशेष अवसर पर मुख्य आकर्षण का केंद्र रामलीला की मनोहारी प्रस्तुति रही, जिसे क्लब के सदस्यों ने तैयार किया था। नाटक का निर्देशन क्लब की सदस्य रचना गोयल ने किया। इसमें भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, रावण, हनुमान और अन्य पात्रों का अभिनय प्रभावशाली ढंग से किया गया। रामलीला के पश्चात परंपरागत रावण दहन का आयोजन हुआ। दहन के दौरान 'जय श्री राम' के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। रावण के विशालकाय पुतले को जलते देख उपस्थित जनसमुदाय ने बुराई पर अच्छाई की विजय के संदेश को हर्षोल्लास के साथ आत्मसात किया। दशहरा उत्सव की परंपरा का पालन करते हुए सदस्यों ने एक-दूसरे को 'सोन पत्र' देकर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया।

## छात्रों ने किया इनोवेटिव आइडिया, फूलों से ऑर्गेनिक स्किनकेयर और प्रोटीन वेंडिंग मशीन का प्लान

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के एंटरप्रेन्योरशिप सेल की ओर से 'पिच क्लैश-2025' का आयोजन किया गया। एंटरप्रेन्योरशिप पर आधारित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, व्यावसायिक विचार और निवेशकों के समक्ष साक्षात्कार के लिए विद्यार्थियों को सशक्त बनाना रहा। यह कार्यक्रम मंगलवार को संस्थान के पीपीटी हॉल में आयोजित की गई, जहां फाइनल राउंड में विभिन्न संस्थानों के कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्य निर्णायकों ने विद्यार्थियों के समूह के नवीन विचार और व्यावहारिक समझ को प्रोत्साहित किया। इसमें टीम फोर्जअहेड फस्ट रनर अप और टीम चक्रव्यूह सेकंड रनर अप बने।




### फोर्जअहेड और चक्रव्यूह ने मारी बाजी

कार्यक्रम में स्टूडेंट वेलफेयर डीन डॉ. समीर बाजपेई, फैकल्टी इन चार्ज ई- सेल डॉ. मनोज कुमार चोपकर, फैकल्टी इन चार्ज आईआईसी डॉ. आरएन पटेल, डॉ. रम्या सेल्वराज, सीईओ मेधा सिंह, जिमबुक्स के सीईओ यश अग्रवाल उपस्थित रहे। टीम वॉरियर्स ने अपने ब्रांड आरका को प्रस्तुत किया, जो मंदिरों के फूलों को उपयोग कर ऑर्गेनिक स्किनकेयर, वीगन लेदर और पर्यावरण अनुकूल उपहार की वस्तुएं तैयार करने की सोच के साथ पहुंची। टीम फोर्जअहेड ने प्रो-वेंद नामक स्वचालित प्रोटीन वेंडिंग मशीन का प्लान तैयार किया। इसे जिम के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि फिटनेस प्रेमियों को कम समय में मनपसंद और स्वच्छ पोस्ट-वर्कआउट पोषण प्रदान किया जा सके। टीम चक्रव्यूह ने प्रोजेक्ट किसान का प्रदर्शन किया, जो एआई और इंटरनेट ऑफ थिंग्स का उपयोग कर लघु और बड़े किसानों को सशक्त बनाने व कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित है।

**20 ग्राम जोड़ी से ही चांदी की मूर्तियां शुरू**

# सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों के बावजूद सराफा बाजार में रौनक, चांदी के सिक्के और मूर्तियों की खरीदी

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** सोने-चांदी की लगातार बढ़ती कीमतों के बावजूद शहर के सराफा बाजार की रौनक इस बार भी बरकरार है। दीपावली पर्व को लेकर लोग पारंपरिक रूप से आभूषणों और पूजन सामग्रियों की खरीदारी के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। खासकर चांदी के सिक्के और देवी-देवताओं की मूर्तियों की सबसे अधिक मांग देखी जा रही है। दुकानदारों के अनुसार, इस बार मूर्तियों में भी बेहतर डिजाइन देखने को मिल रही है। मां लक्ष्मी और श्री गणेश की प्रतिमाएं स्टोन वर्क में सजी हैं, जो राजस्थान के करीगरों द्वारा तैयार किया गया है। सराफा बाजार में 5 ग्राम में चांदी के सिक्के तैयार किया जा रहा। महंगाई के बाद भी लोग चांदी के सिक्के और मूर्तियों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकान संचालक ने बताया कि महंगाई के बावजूद ग्राहकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। इन दिनों बाजार में देर रात तक भीड़ बनी हुई है। त्योहार को देखते हुए इस बार मां लक्ष्मी, श्री गणेश और मां सरस्वती की छवियों वाले चांदी के सिक्कों की मांग सबसे अधिक है। इसके अलावा खरीदार अपनी पसंद के अनुसार सिक्का कस्टमाइज भी करा रहे हैं। दुकान में खरीदार यादगार के तौर पर श्री राधा-कृष्ण, मां दुर्गा, मां सरस्वती, भगवान शंकर-पार्वती की छवियों वाले सिक्कों के साथ ही पुराने सिक्कों और पक्षियों की डिजाइन में सिक्कों की खरीदी कर रहे।





### मूर्तियों में स्टोन और मीनाकारी वर्क

कोतवाली चौक से धरम ज्वेलर्स के संचालक यशपाल निमानी ने बताया कि दुकान में स्टोन वर्क के साथ तैयार मूर्तियां मुख्य आकर्षण का केंद्र है। इस बार मूर्तियां 20 ग्राम पेयर से शुरू हो गई हैं, जो 2-3 किलो तक तैयार की गई। मूर्तियों को स्टोन और मीनाकारी वर्क के साथ तैयार किया जा रहा, जो मूर्तियों की सुंदरता बढ़ा रही है। बीते वर्ष के मुकाबले इस बार 40-50 प्रतिशत चांदी की कीमतों में इजाफा हुआ है। उदाहरण के तौर पर अगर पिछले साल 5 ग्राम चांदी के सिक्के की कीमत हजार रुपए थी, जो अब 1500 रुपए तक मिल रही।

### सराफा में 92 प्रतिशत शुद्धता वाली ठोस चांदी की मूर्तियां



सदर बाजार स्थित धनश्री ज्वेलर्स के संचालक ओम प्रकाश सोनी ने बताया कि 5 ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के श्री यंत्र और चांदी के सिक्कों की मांग सबसे अधिक है। कीमतें बढ़ने के बावजूद ग्राहकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। पूजन सामग्रियों की खरीदी पहले की तरह ही जोरों पर है। उन्होंने बताया कि पहले कोल्हापुर से चांदी की मूर्तियां आती थीं, वे अंदर से खोखली और वजन में हल्की होती थीं। साथ ही उनमें चांदी की शुद्धता मात्र 50-60 प्रतिशत तक ही होती थीं। इस बार बाजार में 92 प्रतिशत शुद्धता वाली ठोस चांदी की मूर्तियां उपलब्ध कराई जा रहीं, जो विशेष रूप से राजस्थान के कारीगरों द्वारा तैयार किया जा रहा है। इनकी खासियत है कि देवी-देवताओं की छवियों को बेहद सुंदर और मनमोहक ढंग से बनावट दी जा रही हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स


### बस्तर का युवराज एशियन यूथ गेम्स बहरीन के इंडिया कैम्प के लिए रवाना




**रायपुर।** बहरीन (यू ए ई) में होने वाले एशियन यूथ गेम्स मे 21 विभिन्न खेलो के साथ म्यूथाई को भी शामिल किया गया है। जिसमें 06 बालिका एवँ 04 बालको सहित कुल 10 खिलाड़ियों के म्यूथाई दल को एशियन यूथ ओलंपिक में भाग लेने भारत शासन ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के माध्यम से स्वीकृति दी है। छत्तीसगढ़ राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि दूरस्थ बस्तर अंचल से गत 9 वर्षों से म्यू थाई राष्ट्रीय चैंपियन एवँ अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई खिलाड़ी जगदलपुर निवासी 17 वर्षीय युवराज सिंह राजपूत इण्डिया कैम्प में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि युवराज राज्य से एकमात्र चयनित खिलाड़ी है। युवराज के पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत भी अपने पुत्र के साथ भारतीय म्यू थाई दल के अन्तिम चयन हेतु इण्डिया कैम्प में भाग लेने जयपुर (राजस्थान) जा रहे हैं चूंकि युवराज की दादी श्रीमती सविता देवी सिंह का हाल ही में 18 सितंबर को दंतेवाड़ा में दुर्घटना में आकस्मिक अवसान हो गया था जिसकी वजह से यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप टर्की से युवराज को तत्काल वापस आना पड़ा था और स्व दादी के शोक कार्यक्रम की वजह से इण्डिया कैम्प में 04 दिन विलम्ब से जा रहा है। ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपनी स्व. दादी के सपने को पूरा करने युवराज अपने पिता के साथ जयपुर रवाना हो गया है। उल्लेखनीय है कि एशियन यूथ गेम्स बहरीन में भाग लेने वाले भारतीय म्यूथाई दल के अन्तिम चयन हेतू 4 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक इण्डिया कैम्प का आयोजन जयपुर (राजस्थान) में किया जा रहा है जिसमे भारत के विभिन्न प्रदेशों के केवल अंडर 17 वर्ष वर्ग के प्रतिभाशाली 09 बालक एवँ 09 बालिका खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि एशियन यूथ गेम्स बहरीन में भाग लेने वाले 14 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल में 10 खिलाड़ी, 01 कोच, 01 निर्णायक, 01 ऑफिशियल और 01 नेशनल फेडरेशन ऑफिसियल शामिल हैं। नेशनल फेडरेशन ऑफिसियल के रूप में भारतीय म्यू थाई दल फेडरेशन यूएमएआई के महासचिव श्रीराम चौधरी के नेतृत्व में भारतीय म्यूथाई दल बहरीन जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य म्यू थाई संघ के समस्त पदाधिकारियों, युवराज के कोच अब्दुल मोइन सहित समस्त खिलाड़ियों को विश्वास है कि युवराज सिंह इण्डिया कैम्प में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर भारतीय म्यूथाई दल में चयनित होकर बस्तर अंचल और छत्तीसगढ़ को अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में प्रतिस्थापित करेंगे। युवराज सिंह के इण्डिया कैम्प में चयन पर प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव (संरक्षक छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन), राज्य म्यूथाई के पदाधिकारियों, कोच सहित खेल प्रेमियों ने अच्छे प्रदर्शन हेतू शुभकामनाएं दी है।

### छत्तीसगढ़ जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए रायपुर टीम गठित

**रायपुर।** बलौदा बाज़ार में 10 से 12 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली 23 वीं छत्तीसगढ़ प्रदेश जूनियर पुरुष एवं महिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रायपुर जिला की टीम का गठन किया गया है। रायपुर जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव रुस्तम सारंग ने बताया कि उक्त टीम में पुरुष वर्ग में चिरंजीव भारती,हंसराज मार्कण्डेय,अंकित भारती, तुषार साहू,देवव्रत शर्मा,हरीश मार्कण्डेय,झामेन्द्र पाल,योगानंद खरे,जतिन डहरिया,किशन धीवर,योगेन्द्र साहू,हनी वर्मा और केशव पाल शामिल हैं। इसी तरह महिला वर्ग में काजल, गीतिका टंडन,आयुषी सोनी,प्रीतु साहू,लुकेश्वरी साहू,मेघा और श्रेया साहू शामिल हैं। टीम के कोच दीपक धीवर और दिव्या सिन्हा एवं टीम मैनेजर अमन सिंह चौहान और फाल्गुनी साहू होंगे।



### टेनिस में रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** विष्णु स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से टेनिस टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ क्लब में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवतार जुनेजा, उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह चौहान एवं सुशील बालानी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट में लगभग 60 से खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेन सिंगल्स में ईमोन भट्ट ने आर त्रिनाथ राव को 9-1 के स्कोर से पराजित कर विजय बनने का गौरव प्राप्त किया। मेंस डबल्स में ईमान भट्ट और आरिज खान की जोड़ी ने त्रिनाथ राव और राकेश राव की जोड़ी को 8-6 के स्कोर से हराकर खिताब जीता। अंडर-16 वर्ग सिंगल्स में मोहम्मद आरिज खान ने एकलव्य को 8-3 के स्कोर से पराजित कर विजय प्राप्त की।


## शरीर को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले तत्वों से रहें दूर

# उम्र से पहले चेहरे पर झलकने लगा है बुढ़ापा तो अपनाएं 'एंटी एजिंग' उपाय, सुधरेगी लाइफ स्टाइल

दुनियाभर में तेजी से बढ़ती क्रोनिक बीमारियों, पर्यावरणीय नकारात्मक स्थितियों के कारण इंसानों की औसत आयु कम होती जा रही है। साल 2020 तक भारत में लाइफ एक्सपेक्टेंसी 69.73 साल रह गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिस प्रकार से वैश्विक स्तर पर संक्रामक रोगों का जोखिम बढ़ा है, इसका भी हमारी उम्र और त्वचा पर असर देखा जा रहा है, इसके अलावा लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी भी एक बड़ा जोखिम कारक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, लंबी आयु चाहते हैं तो जरूरी है कि इसके लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहें। हमारी जीवनशैली की कई चीजें न सिर्फ लाइफ एक्सपेक्टेंसी को कम कम कर रही हैं साथ ही शरीर को इस प्रकार से नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही हैं जिससे काम उम्र उम्र में ही बूढ़े दिखने लग सकते हैं। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि अधिक चीनी खाने और तनाव के शिकार लोगों में इस तरह के जोखिम अधिक देखे जा रहे हैं।

### ज्यादा मीठी चीजें नुकसानदायक

ज्यादा मीठी या चीनी का सेवन करने को हाई ब्लड शुगर और डायबिटीज का प्रमुख जोखिम कारक माना जाता रहा है। पर क्या आप जानते हैं कि ये सिर्फ डायबिटीज ही नहीं आपकी एजिंग को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। हमारी त्वचा कोलेजन और इलास्टिन से बनी होती है, जो



इसे कोमल और मुलायम बनाती है। जब आप चीनी ज्यादा खाते हैं तो ये कोलेजन के क्रॉस-लिंकिंग का कारण बनती है, जिसके परिणामस्वरूप हमारी त्वचा सख्त हो जाती है और इसकी लोच कम हो जाती है। आप जितना अधिक चीनी खाते हैं, ये त्वचा के लिए उतनी ही नुकसानदायक



हो सकती है।

### तनाव आपको बनाती है जल्दी बूढ़ा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सिर्फ ज्यादा चीनी खाना ही नहीं, अगर आपका स्ट्रेस लेवल भी अधिक है तो ये स्थिति भी जल्दी उम्र को बढ़ाने वाला कारक हो सकती है। तनाव की स्थिति पहले तो गुड हार्मोन के स्तर को प्रभावित करती है, साथ ही लंबे समय तक तनाव का शिकार रहने के कारण कोशिकाओं में सूजन और डीएनए को क्षति भी पहुंचती है, ये स्थितियां उम्र बढ़ने की गति को तेज कर देती है। ज्यादा स्ट्रेस लेना



मानसिक स्वास्थ्य के साथ शारीरिक समस्याओं का भी बड़ा जोखिम कारक है।

### कैसे कम करें ये जोखिम?

लखनऊ स्थित मेडिकल इंस्टीट्यूट में इंटर्नल मेडिसिन के डॉक्टर अभिनव शिखर बताते हैं, अगर आप बढ़ती उम्र को कंट्रोल में रखना चाहते हैं तो इसके लिए जरूरी है कि सबसे पहले अपनी लाइफस्टाइल और आहार को ठीक कर लें। अधिक चीनी और नमक दोनों की मात्रा अपने आहार में कम करें, इसके अलावा विटामिन सी-डी वाली चीजों की मात्रा को बढ़ाना भी जरूरी है।

### नियमित व्यायाम सबसे कारगर एंटी-एजिंग

डॉक्टर बताते हैं, त्वचा की बढ़ती उम्र के रोकना चाहते हैं या फिर लंबी आयु चाहते हैं तो इसके लिए सबसे कारगर तरीका है कि आप दिनचर्या में नियमित रूप से व्यायाम को शामिल करें। रोजाना करीब 40 मिनट का व्यायाम-जंपिग या योग आपको शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने में मदद करती है जो सीधे तौर पर आपमें गुड हार्मोन्स का स्तर बढ़ाती है और ये आपके लिए एंटी-एजिंग सबसे कारगर एंटी-एजिंग हो सकती है।




### भारत ने श्रीलंका को हराकर दूसरी जीत दर्ज की, फिलीपींस ने हांगकांग को हराया

**रायपुर।** गुवाहाटी (असम) में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 में मेज़बान भारत ने मिश्रित टीम चैंपियनशिप के नॉक-आउट चरणों में अपना वर्चस्व जारी रखते हुए ग्रुप एच में श्रीलंका के खिलाफ एक और शानदार प्रदर्शन किया। जबकि फिलीपींस ने मंगलवार को नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में सुहांदिनाता कप के लिए जारी योनेक्स सनराइज बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दिन ग्रुप एफ के एक रोमांचक मुकाबले में हांगकांग को हराया।

भारत नॉक-आउट चरण में आगे बढ़ने का प्रबल दावेदार है क्योंकि ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली और दूसरी वरीयता प्राप्त टीम ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए श्रीलंका पर 45-27, 45-21 से जीत दर्ज की। श्रीलंकाई ने सोमवार को एक रोमांचक मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को हराया था।

अन्य शीर्ष देशों में, 14 बार के चैंपियन चीन और पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया ने अपने-अपने ग्रुप में अपनी दूसरी जीत दर्ज की, जबकि फिलीपींस ने हांगकांग को 42-45, 45-28, 45-43 से हराया।




ग्रुप डी में खेल रहे चीन ने इंग्लैंड को 45-22, 45-19 से हराया, जबकि ग्रुप जी में दक्षिण कोरिया ने पहली बार खेल रहे भूटान को 45-5, 45-17 से हराया। कोरियाई टीम के बगल वाले कोर्ट पर खेलते हुए, भारतीय टीम को ज़्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा, जबकि टीम प्रबंधन ने कुछ नए खिलाड़ियों को मैदान में उतारा था। इन सभी सोमवार को नेपाल के खिलाफ शुरुआती सेट में खेलने का मौका नहीं मिला था।

ललथाज़ुआला हमार ने लड़कों के एकल मैच में केनेथ अरुगोडा को 9-2 से हराकर टीम को आत्मविश्वास से भरी शुरुआत दिलाई और भव्य छाबड़ा और मिथिलेश पी कृष्णन ने सानुदा अरियासिंघे और थिसाथ रूपथुंगा के खिलाफ बढ़त को 18-6 तक पहुँचाया।







































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लाइम रोग को मात देकर सैर पर निकलीं बेला, जिम क्लब से शेयर की तस्वीर



मशहूर मॉडल बेला हदीद लाइम रोग के इलाज के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आईं हैं। हाल ही में इस मॉडल को पेरिस में सड़कों पर घूमते हुए देखा गया। इसी दिन बेला हदीद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा 'लंबे समय के बाद जिम में पहला दिन!' उन्होंने एक तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था 'मैं चल रही हूं और मेरी खोई हुई ताकत वापस आ रही है।' इस पोस्ट को उनकी मां योलांडा हदीद ने शेयर किया और लिखा 'बहुत खूब बेला।।। दिन में एक बार ही एक्सरसाइज करना।' आपको बता दें कि डच टीवी की मशहूर हस्ती योलांडा हदीद, बेला हदीद, गिगी हदीद और अनवर हदीद की मां हैं। साल 2012 से पहले वह लाइम रोग से पीड़ित थीं। इलाज के बाद उन्होंने लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक किया है। साल 2015 में उन्होंने जानकारी दी कि उनके दो बच्चे बेला हदीद और अनवर हदीद भी इस बीमारी से पीड़ित हैं। हाल ही में योलांडा हदीद ने इस बात की जानकारी दी है कि उनकी बेटी बेला हदीद कैसे इस बीमारी से उबर पाई हैं। हाल ही में, योलांडा हदीद ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने बताया कि उनकी बेटी ने कैसे लाइम रोग को हराया। पोस्ट में उन्होंने अपनी बेटी बेला हदीद की तारीफ भी की। उन्होंने अपनी बेटी की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है बेला हदीद अस्पताल में हैं और उनका इलाज चल रहा है। तस्वीरें देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनकी बेटी को इलाज के दौरान काफी दिक्कत हुई। तस्वीरें शेयर करते हुए योलांडा हदीद ने लिखा 'अपनी बेला को चुपचाप संघर्ष करते देखकर मेरे अंदर की निराशा बढ़ गई। लाइम रोग की वजह से हो रही दिक्कत को किसी को समझाना मुश्किल है। मैंने अपने लाइम इलाज के दौरान लोगों के लिए उदाहरण पेश किए।

### टॉलीवुड

## 80 के दशक के दोस्तों संग चिरंजीवी ने तस्वीरें कीं साझा, कहा-हर मुलाकात पहली जितनी



मेगास्टार चिरंजीवी ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपने 80 के दशक के दोस्तों संग कई शानदार तस्वीरें साझा कीं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी दोस्ती के ऊपर एक खास नोट भी लिखा। साउथ एक्टर चिरंजीवी ने हाल ही में अपना 47वां जन्मदिन मनाया। वहीं चिरंजीवी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पुराने दोस्तों संग हुई मुलाकात की कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं। जिसमें बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ भी नजर आए।

चिरंजीवी ने 5 अक्तूबर को अपने इंस्टाग्राम पर अपने 80 के दशक के दोस्तों संग मुलाकात की कई लाजवाब तस्वीरें शेयर की। चिरंजीवी की इस पोस्ट में जैकी श्रॉफ से लेकर कई स्टार्स नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के साथ चिरंजीवी ने कैप्शन में लिखा, '80 के दशक के मेरे प्यारे दोस्तों के साथ हर मुलाकात यादों की गलियों में सैर जैसा है। जो हंसी, गर्मजोशी और उसी अटूट बंधन से भरा है। जो हमने दशकों से साझा किया है। इतनी सारी खूबसूरत यादें और फिर भी हर मुलाकात पहली मुलाकात जितनी ही ताजा लगती है।'

चिरंजीवी 'विश्वम्भरा', 'मेगा 157' और 'मेगा 158' सहित कई प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाले हैं। फिल्म 'विश्वम्भरा' का निर्देशन बिम्बिसार फेम वशिष्ठ मल्लीदी कर रहे हैं। इस फिल्म में चिरंजीवी के साथ तृषा कृष्णन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म 'विश्वम्भरा' 2026 की गर्मियों में दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'विश्वम्भरा' में बॉलीवुड अभिनेता कुणाल कपूर खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म में चिरंजीवी और तृषा कृष्णन के अलावा आशिका रंगनाथ भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। यूवी क्रिएशंस ने इस मेगा प्रोजेक्ट का निर्माण कर रहा है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी ने इस फिल्म का संगीत दिया है।

### भोजपुरी

## दूल्हा-दुल्हन बन गए निरहुआ-आम्रपाली तो सितारों ने भी दिया आशीर्वाद



भोजपुरी सिनेमा की पॉपुलर जोड़ी आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव की एक तस्वीर वायरल हो रही है। इसमें आम्रपाली दुल्हन और दिनेश लाल दुल्हा के गेटअप में नजर आ रहे हैं।

भोजपुरी सिनेमा में एक जोड़ी सबसे ज्यादा पॉपुलर है, जिनका नाम आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ है। आमतौर पर आम्रपाली का नाम निरहुआ के साथ ही लिया जाता है और इनकी जोड़ी को लोग पसंद भी करते हैं। बहुत से लोग तो इन्हें हसबैंड-वाइफ भी समझते हैं, जबकि असल में ऐसा कुछ नहीं है। वैसे एक तस्वीर आम्रपाली और निरहुआ की वायरल हो रही है जिसमें उन्होंने दूल्हा-दुल्हन का गेटअप लिया है और तस्वीर में लोग उन्हें आशीर्वाद भी दे रहे हैं। कोरियोग्राफर प्रसून यादव ने कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'सौभाग्यवती एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स खास गाना मेरी फेवरेट जोड़ी दिनेश लाल और आम्रपाली दुबे के साथ। शूट हो गया है जल्द ही गाना आएगा।' इस तस्वीर में ही निरहुआ और आम्रपाली दूल्हा-दुल्हन के गेटअप में दिख रहे हैं।

### सुनहरा जाल

लाइफ स्टाइल

एक नाटकीय आउटफिट टॉपर्स के तौर पर कॉर्नुकोपिया खिलती पंखुड़ियों के साथ न्यूयार्क फैशन शो में सामने आया। मॉडल रेड कार्पेट पर चलते हुए जाल में फंसी किसी सुनहरी मछली सा व्यवहार कर रही थी। हालांकि इस नई डिजाइन को लोगों ने खूब पसंद किया। इसे नया विचार माना गया।



## काले हो रहे अपने पैरों को ऐसे करें साफ


अक्सर महिलाएं अपने पैरों की सफाई पर खास ध्यान नहीं देती है इसके कारण पैरों का रंग काला पड़ जाता है उसके कारण यह देखने में बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगते हैं विटामिन सी से भरपूर फूड्स का इस्तेमाल स्किन व्हाइटनिंग के लिए किया जा सकता है। इन फूड में सिट्रिक एसिड पाया जाता है। यह नेचुरल एक्सफोलिएंट के रूप में काम करता है। अगर आपके पैरों का रंग काला पड़ गया है, तो आप इस समस्या से निजात पाने के लिए संतरे के रस का उपयोग कर सकती हैं। इस जूस से पैरों को साफ-सबसे पहले संतरे का रस निकाल लें। अब रूई की मदद से रस को पूरे पैरों पर लगाएं।करीब आधे घंटे बाद गुनगुने पानी से पैरों को धो लें। इस बात का ध्यान रखें कि हफ्ते में केवल एक बार पैरों पर इस रस का इस्तेमाल करें। आप चाहें, तो ऑरेंज पील पाउडर में प्लेन योगर्ट मिलाकर भी पैरों पर लगा सकती हैं। जब यह पेस्ट सूख जाए, तब करीब 10 मिनट बाद अपने पैरों को अच्छे से साफ कर लें। हफ्ते में दो बार इस पेस्ट का इस्तेमाल करने से आपके पैरों का रंग साफ होने लगेगा। पेडीक्योर ट्रीटमेंट के लिए पार्लर जाना जरूरी नहीं है, क्योंकि किचन में मौजूद कुछ चीजों की मदद से आप घर बैठे आसानी से पैरों को साफ कर सकती हैं। इसके लिए दूध, नीम और एलोवेरा जेल जैसी नेचुरल चीजें फायदेमंद होती हैं। फुट सोक करना भी जरूरी है। इसके लिए आप गुनगुने पानी में नमक मिलाकर पैरों को साफ कर सकती हैं। हफ्ते में एक बार फुट सोक करें। इससे डेड स्किन रिमूव हो जाती है और पैरों को आराम भी मिलता है। नहाते वक्त केवल चेहरे पर ही नहीं बल्कि पैरों को भी अच्छे से साफ करना चाहिए।



## बार-बार फैल जाती है लिपस्टिक तो ऐसे करें ठीक, बढ़ेगी रौनक

मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं, लेकिन आज भी हम में से ज्यादातर केवल लिपस्टिक लगाना ही पसंद करते हैं। वहीं लिपस्टिक भी कई तरीके के टेक्सचर में आपको मिल जाएंगी और इन्हें लगाने का तरीका भी एक दूसरे से बिल्कुल अलग हो सकता है।

मेकअप लुक कम्प्लीट होने के बाद अगर आपके होंठों पर लगी हुई लिपस्टिक फैल जाती है तो आप पतले लिप ब्रश की सहायता से मैचिंग कंसीलर को लेकर इसे ठीक कर सकती हैं। ध्यान रहे कि आप कंसीलर का कलर अपनी स्किन टोन के हिसाब से चुनें और इसके लिए किसी लाइट वेट कंसीलर का ही इस्तेमाल करें। इसके बाद आप लिक्विड कंसीलर को ट्रांस्लुसेंट पाउडर की मदद से सेट कर दें ताकि आपका लुक पूरी तरह से ट्रांसफर प्रूफ हो जाए। कोशिश करें कि आप कंसीलर की सहायता कम से कम ही लें ताकि चेहरे पर प्रोडक्ट्स की लेयर्स कम से कम ही रहे। लिपस्टिक लगाते समय आप होंठों को आकर्षक लुक देने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। परफेक्ट लुक पाने के लिए



लिपस्टिक का शेड अपनी स्किन टोन और आउटफिट के कलर कंट्रास्ट के हिसाब से ही चुनें। वहीं अगर आपका आई मेकअप बोल्ड है तो लिप शेड के लिए न्यूड या लाइट कलर का चुनाव करें।होंठों को बड़ा दिखाने के चक्कर में लिप शेप के बाहर आप लिप लाइनर का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें।अगर आप मेकअप बिगिनर हैं तो लिप ब्रश की सहायता लेकर ही लिपस्टिक को होंठों पर लगायें।

## साड़ियों के ट्रेंडी डिजाइन को करें वार्डरोब में शामिल



साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ ट्रेंड नहीं होता है और इसके डिजाइन भी आपको कई तरीके में देखने को आसानी से मिल जाएंगे। वहीं बदलते दौर में आजकल साड़ी को ड्रेप करने के भी कई नए तरीके आ गए हैं, लेकिन एक उम्र के बाद हम साड़ी को पहनने के लिए 2 से 3 तरह के स्टाइल ही फॉलो करना पसंद करते हैं।



वहीं आगे नवरात्रि, दशहरा और दीवाली के बाद करवाचौथ का त्यौहार आने वाला है और इस दिन अक्सर हम साड़ी को ही पहनना पसंद करते हैं। ऐसे फेस्टिवल सीजन में साड़ी के कुछ खास डिजाइंस जो खासकर 50 वर्षीय उम्र वालों के लिए बेहद खास है। बता दें कि इन साड़ी लुक को स्टाइल करने के बाद आप 50 की जगह 30 साल की नजर आएंगी।

### पटोला साड़ी डिजाइन

इस तरीके की साड़ी बिल्कुल भी वजनदार नहीं होती है। वहीं इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर डी संस द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरीके की साड़ी के साथ आप गोल्डन कलर या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।

### क्रेप सिल्क साड़ी डिजाइन

सिल्क साड़ी में आपको कई वैरायटी की अलग-अलग साड़ियां आसानी से मिल जाएगी। बगता दें कि इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर गीतिका कनुमिल्ली द्वारा डिजाइन किया गया है इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको लगभग 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह के लुक के साथ आप मेसी हेयर बन बनाकर उसे ताजे गुलान की मदद से अपने बालों को आकर्षक बना सकती हैं।

### बॉर्डर वर्क साड़ी डिजाइन

हरा रंग करवाचौथ के लिए बेहद खास होता है। वहीं इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 2500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर अनीता डोंगरे द्वारा डिजाइन किया गया है।

## ऑफिस पार्टी में खूबसूरत दिखने ऐसे संवारें आंखों को

ऑफिस में अलग-अलग मौके पर होने वाली पार्टी का इंतजार हर स्टाफ करता है। किसी को पार्टी में गेम, डांस करना पसंद होता है तो किसी को पसंद होता है स्टाइल दिखाना। आजकल हर कोई ट्राई करना है नए फैशन ट्रेंड के हिसाब से तैयार होना। इसके लिए कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जो अपने आउटफिट के साथ-साथ मेकअप पर भी खास ध्यान देती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे उनका लुक परफेक्ट लगता है साथ ही वो सबसे ज्यादा खूबसूरत नजर आती हैं। ऐसे में आप इस बार दिवाली पार्टी पर इन टिप्स की मदद से ट्राई करें ये आई मेकअप। इसे क्रिएट करने के बाद आपका लुक पूरी तरीके से बदल जाएगा।

### आंखों पर लगाएं प्राइमर

आंखों पर मेकअप करने से पहले आपको प्राइमर का इस्तेमाल करना है। इसके लिए प्राइमर को आई लीड पर लगाएं फिर ब्लेंडर की मदद से अच्छे से ब्लेंड करें। इसे इसलिए लगाना जरूरी है ताकि आंखों का मेकअप लंबे समय तक टीका रहे। इसके लिए आप उसी शेड का प्राइमर इस्तेमाल करें। जिसे फेस पर अप्लाई करती हैं।

### ड्रेस के हिसाब से चूज करें आईशैडो

आप जिस तरीके की ड्रेस वियर कर रही हैं उसके हिसाब



से अपने आईशैडो का कलर चूज करें। कोशिश करें की लुक (पार्टी मेकअप टिप्स) को सिंपल रखें। ऑफिस में न्यूट्रल कलर आई मेकअप ज्यादा अच्छा लगता है। इसके लिए आप वॉर्म कॉपर, सॉफ्ट ब्राउन वैगरह कलर को चूज कर सकती हैं। ये काफी अच्छे लगते हैं। इसके बाद इन्हें अच्छे से ब्लेंड करें।

### आंखों पर लगाए लाइनर

इसके बाद आपको आंखों पर आई लाइनर लगाना है। इसके लिए आप पेंसिल, जेल या फिर लिक्विड किसी भी तरह के आई लाइनर का इस्तेमाल कर सकती हैं। विंग आई लाइनर के लिए पहले आपको आंखों के साइड में विंग्स क्रिएट करनी है फिर अंदर की तरफ पतली लाइन क्रिएट करनी है। इस तरीके से आपका लाइनर लग जाएगा।

### बिजनेस साइट

## मैट्स यूनिवर्सिटी में 'चरखा' खादी फैशन शो का भव्य आयोजन




**रायपुर।** मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी, रायपुर द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में भव्य खादी फैशन शो 'चरखा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय वस्त्र परंपरा को सम्मान देना और युवाओं को स्वदेशी वस्त्रों के प्रति प्रेरित करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश पांडे ने दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। मंच पर कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति डॉ. के.पी. यादव व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। छात्रों ने छह राउंड में खादी को आधुनिक और पारंपरिक डिजाइनों में इंडियन, वेस्टर्न, इंडो-वेस्टर्न, ऑफिस वियर, एम्ब्रॉयडरी और ट्रेडिशनल सिल्वेट प्रस्तुत किया। रनवे पर रंगों और सादगी का अनूठा संगम दिखा। मुख्य अतिथि ने छात्रों की सराहना की और कार्यक्रम को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बताया। 'चरखा' भारतीय संस्कृति और फैशन का उत्कृष्ट मेल रहा।

## रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन में प्री-दिवाली गेट टुगेदर



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन ने मधुबन फार्म हाउस में प्री-दिवाली गेट टुगेदर एवं दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर क्लब के सदस्यों और उनके परिवारों की उत्साही भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत एक शानदार रामलीला मंचन से हुई, जिसे क्लब के सदस्यों ने स्वयं प्रस्तुत किया। इस मनमोहक प्रस्तुति की लेखन एवं निर्देशन की जिम्मेदारी रचना गोयल ने निभाई। रामलीला के उपरांत रावण दहन का आयोजन किया गया, जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में आगे एक संगीतमयी संध्या का आयोजन हुआ, जहां सुरों और तालों की मधुर संगति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सांस्कृतिक शाम का समापन फेलोशिप डिनर के साथ हुआ, जिसने आपसी मेलजोल और भाईचारे की भावना को और मजबूत किया।

## अपना मार्ट होलसेल हफ्ता में दिवाली धमाका, बंपर ऑफर्स की बहार




**रायपुर।** त्योहारी सीजन की दस्तक के साथ ही बाजारों में रौनक लौट आई है। इसी कड़ी में 'अपना मार्ट' ने अपने ग्राहकों के लिए होलसेल हफ्ता के तहत दिवाली से पहले का धमाका कर दिया है। 30 सितंबर से शुरू हुआ यह ऑफर 9 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें ग्राहकों को आकर्षक छूट और ईनाम दिए जा रहे हैं। इस ऑफर के तहत 1000 रुपए की खरीद पर 50 रुपए की छूट, 1500 पर 100 रुपए की छूट और 2000 रुपए की शॉपिंग पर 100+100 रुपए का डबल ऑफर मिल रहा है। साथ ही अक्टूबर महीने में कुल 4000 रुपए की खरीद पर ग्राहकों को चांदी का सिक्का या सॉसपैन सिर्फ 1 रुपए में दिया जा रहा है। 9 अक्टूबर को 'मलमल थर्सडे' और 'होलसेल हफ्ता' दोनों ही ऑफर्स एक साथ चलने वाले हैं, जिसके चलते स्टोर्स के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी भारी भीड़ की संभावना जताई जा रही है। अपना मार्ट के प्रवक्ता अभिषेक सिंह ने कहा कि ग्राहकों का बढ़ता विश्वास यह दिखाता है कि अपना मार्ट एक भरोसेमंद पड़ोस की दुकान बन चुका है और हम भविष्य में भी उनकी सेवा में समर्पित रहेंगे।